शुक्रवार, 7 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 15 |
| आर्द्रता | 51% |
| सूर्योदय: 6:13 | सूर्यास्त: 17:28 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : संघर्षों को गिनने पर ईश्वर के प्रति विश्वास और मजबूत हो जाता है।



भारत ने ऑलराउंड प्रदर्शन से इंग्लैंड को चार विकेट से हराया –पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल को बिजनेस समिट में 4.40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले : ममता

## रुपया 16 पैसे टूटकर 87.59 प्रति डॉलर के अबतक के निचले स्तर पर

**मुंबई :** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे टूटकर 87.59 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती की संभावना बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा और घरेलू मुद्रा में गिरावट आई। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर मांग से भारतीय मुद्रा नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर जारी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण भी रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.54 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.60 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।



## मुख्यमंत्री का दावा... '2011 से अब तक 1.72 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि पश्चिम बंगाल को इस साल दो दिवसीय व्यापार सम्मेलन के दौरान 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के निवेश प्रस्ताव प्राप्त मिले। उन्होंने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए 'प्रमुख गंतव्य' बना हुआ है। शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए ममता ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कुल 212 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य के मजबूत निवेश माहौल का प्रतीक है।

### बिजनेस समिट के जरिए अब तक 19 लाख करोड़ का हुआ निवेश

मुख्यमंत्री ने पिछले शिखर सम्मेलनों की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले सात बीजीबीएस संस्करणों में 19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसमें से 13 लाख करोड़ रुपये का काम पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रगति निवेश के वादों को पूरा करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता और एक व्यवसाय केंद्र के रूप में इसके बढ़ते आकर्षण को रेखांकित करती है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण रिलायंस इंडस्ट्रीज की निवेश प्रतिबद्धता थी, जिसके अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने दशक के अंत तक राज्य में 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वचन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिक्रिया बहुत अच्छी रही है। बुधवार को मुकेश अंबानी और सज्जन जिंदल जैसे प्रमुख उद्योगपतियों ने अपनी निवेश योजनाएं साझा कीं। मैंने उनके साथ अलग-अलग चर्चा की है और निवेश के बारे में और आश्वासन प्राप्त किया है।

### बिजनेस समिट में 5000 निवेशक और प्रतिनिधि हुए शामिल

ममता ने यह भी बताया कि शिखर सम्मेलन में विभिन्न उद्योगों को प्रदर्शित करने वाली 215 स्टॉलों वाली एक बड़ी प्रदर्शनी भी शामिल थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 14 वर्षों में हमारा बुनियादी ढांचागत विकास उल्लेखनीय रहा है। हम लोगों के बीच विभाजन पैदा नहीं करते। बंगाल संस्कृति का हृदय है और इस शिखर सम्मेलन में 5,000 निवेशक और प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

उन्होंने शिखर सम्मेलन के बारे में कहा कि हमें इस आयोजन के दौरान 4,40,595 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे पश्चिम बंगाल में हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस दौरान, ममता ने 2011 से अब तक 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए अपनी सरकार के विकास प्रयासों को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, उद्योग और सामाजिक कल्याण पर हमारे फोकस से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 2023 में आयोजित बीजीबीएस के पिछले संस्करण में 3.76 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि को दर्शाता है।

## हथकड़ी पहनकर विपक्षी नेताओं ने किया प्रदर्शन

# भारतीय प्रवासियों से अनुचित व्यवहार का दावा किया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से 100 से अधिक अवैध प्रवासी भारतीयों को वापस भेजे जाने और उनके साथ कथित तौर पर अमानवीय व्यवहार किए जाने के खिलाफ बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और विरोध प्रदर्शन में शामिल कई अन्य विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में हथकड़ी पहन रखी थी। उन्होंने 'देश का अपमान नहीं सहेंगे' और 'मोदी सरकार हाय हाय' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में तख्तियां भी ले रखी थीं। इनमें से कुछ तख्तियों पर 'हर हिंदुस्तानी का स्वाभिमान यही, न्याय दो जंजीर नहीं' लिखा हुआ था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।



### सरकार सुनिश्चित कर रही है अमेरिका से निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार न हो: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है कि निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो। ज्ञात हो कि अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों/ के रह रहे 104 भारतीयों को निर्वासित किए जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। कई विपक्षी सदस्यों ने निर्वासन के दौरान भारतीयों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर रोष व्यक्त किया था।

### भारतीय प्रवासियों के साथ व्यवहार पर जवाब दें प्रधानमंत्री : प्रियंका गांधी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''बहुत बात की गई थी कि मोदी जी और डोनाल्ड ट्रंप जी बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उन्हें हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? यह कोई तरीका है...।''

## रक्षा मंत्रालय ने पिनाका रॉकेट प्रणाली के लिए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को 'पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली' के लिए क्षेत्र निषेध आयुध टाइप-1 और उच्च विस्फोटक क्षमता रॉकेट की खरीद के लिए रक्षा कंपनियों के साथ 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह भी कहा कि 'शक्ति' सॉफ्टवेयर के उन्नयन के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ भी एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि उसने पिनाका रॉकेट प्रणाली के उन्नयन के संबंध में इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) और म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) के साथ 10,147 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन अनुबंधों पर नयी दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

## वायुसेना का मिराज लड़ाकू विमान मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट सुरक्षित



**ग्वालियर :** वायुसेना का एक मिराज-2000 लड़ाकू विमान सिस्टम में खराबी के कारण बृहस्पतिवार दोपहर मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन उन्हें मामूली चोटें आईं और उन्हें हेलीकॉप्टर से ग्वालियर ले जाया जा रहा है। 'सेंट्रल एयर कमान' के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब दो बजकर 40 मिनट पर बरहेटा सानी गांव के पास खेत में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो सीट वाले प्रशिक्षण विमान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि विमान में खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई। वायुसेना ने 'एक्स' पर पोस्ट किया,''आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान शिवपुरी (ग्वालियर) के पास भारतीय वायुसेना का मिराज 2000 विमान सिस्टम में खराबी आने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं।''

## प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर रहमान, अवामी लीग के नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार देर रात पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के भित्ती चित्रों को विरूपित कर दिया। इससे पहले, प्रदर्शनकारियों ने मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित आवास में तोड़फोड़ और आगजनी की। तोड़फोड़ और आगजनी उस समय की गई, जब मुजीबुर की बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना लोगों को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रही थीं। सोशल मीडिया पर बुलडोजर जुलूस के आह्वान के बाद देश की राजधानी ढाका के धानमंडी इलाके में बुधवार को हजारों लोग मुजीबुर के आवास के बाहर इकट्ठे हो गए, जिसे बाद में स्मारक संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया था। उन्होंने उनके आवास में तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद, बुलडोजर से भवन को ढहाना शुरू किया, जो अब भी जारी है।



### बांग्लादेश ने शेख हसीना की गतिविधियों को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ''झूठी और मनगढ़ंत टिप्पणियां'' ढाका के प्रति ''शत्रुतापूर्ण कृत्य'' हैं। हसीना ने बुधवार को भारत में अपने निर्वासन के दौरान अपने समर्थकों को ऑनलाइन तरीके से संबोधित किया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार विदेश मंत्रालय ने यहां भारत से कहा कि ''वह आपसी सम्मान और समझ की भावना के अनुरूप तुरंत उचित कदम उठाए, ताकि उन्हें (हसीना) भारत में रहते हुए सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों का इस्तेमाल करके इस तरह के झूठे, मनगढ़ंत और भड़काऊ बयान देने से रोका जा सके।''

### शेख मुजीबुर रहमान के आवास को नष्ट किये जाने की कड़ी निंदा की जानी चाहिए: भारत

भारत ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास को नष्ट किये जाने पर दुख व्यक्त किया और कहा कि इस 'बर्बरतापूर्ण कृत्य' की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। कुछ तथाकथित प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को ढाका में रहमान के आवास को नष्ट कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह खेदजनक है कि शेख मुजीबुर रहमान का ऐतिहासिक आवास पांच फरवरी को नष्ट कर दिया गया। यह आवास कब्जे और उत्पीड़न की ताकतों के खिलाफ बांग्लादेश के लोगों के साहसी प्रतिरोध का प्रतीक था। घटना से जुड़े सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, जो लोग बांग्ला पहचान एवं गौरव को संबल प्रदान करने वाले स्वतंत्रता संग्राम को महत्व देते हैं वे सभी बांग्लादेश की राष्ट्रीय चेतना के लिए इस निवास के महत्व से परिचित हैं। उन्होंने कहा, बर्बरता की इस घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

# 'सबका साथ, सबका विकास' हमारी सरकार का मूलमंत्र, कांग्रेस के लिए 'परिवार प्रथम' : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र 'परिवार प्रथम' रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें 'झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार परिवारवाद, तुष्टीकरण' आदि का घालमेल था। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के मॉडल में 'परिवार प्रथम' ही सर्वोपरि है। इसलिए, उनकी नीति-रीति, वाणी-वर्तन उस एक चीज को संभालने में ही खपता रहा है।'' तकरीबन 91 मिनट के अपने संबोधन का अधिकतर हिस्सा प्रधानमंत्री ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार, आपातकाल और कथित कुशासन सहित विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर केंद्रित रखा और कहा कि उसके 'पंजे' से मुक्त होकर देश आज 'चैन की सांस' ले रहा है और ऊंची उड़ान भी भर रहा है। उन्होंने



कहा, ''कांग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं। आज पूरी दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को पहचानने लगी है। आज दुनिया हमें तेज गति से आगे बढ़ने वाले देश के रूप में देख रही है। हम अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री ने माना था कि लाइसेंस व परमिट के बिना कोई काम नहीं होता और उन्होंने ये भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। उन्होंने दावा किया कि उच्च सदन में कांग्रेस के एक सदस्य मौजूद हैं, जिनके पिताजी कार खरीदना चाहते थे और उनके पास पैसे भी थे लेकिन 15 साल तक उन्हें कार खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा था और वह भी कांग्रेस के ही राज में। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को अस्वीकार करते हुए राष्ट्रपति के अभिभाषण से संबंधित धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच-छह दशकों तक लोगों के पास वैकल्पिक मॉडल नहीं था लेकिन वह बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि 2014 के बाद देश को एक नया मॉडल देखने को मिला, जो तुष्टीकरण पर आधारित नहीं है, बल्कि 'संतुष्टीकरण' पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''पहले के मॉडल खासकर कांग्रेस के शासन में हर चीज में तुष्टीकरण था। यही उसकी राजनीति का सार बन गया। कुछ छोटे समूहों को कुछ देना और दूसरों को वंचित रखना। चुनाव के समय, झूठे आश्वासन देना। उसने लोगों को बेवकूफ बनाकर अपनी राजनीति चलाई।'' मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवंत मीडिया और लोकतंत्र वाले देश ने उन्हें तीसरी बार देश की सेवा का मौका दिया और यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि जनता ने विकास के उनके मॉडल को परखा, समझा और समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, ''इस मॉडल को हमें एक शब्द में समझना है तो यह है 'राष्ट्र प्रथम'। इसी भावना और समर्पित भाव से हमने लगातार अपनी नीतियों में, अपने कार्यक्रमों में, वाणी-वर्तन के माध्यम से देश की सेवा करने का प्रयास किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 'सबका साथ-सबका विकास' की अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा, ''ये उनकी सोच-समझ के बाहर है और उनके रोडमैप में भी ये सूट नहीं करता क्योंकि जब इतना बड़ा दल, एक परिवार को समर्पित हो गया है, तो उसके लिए 'सबका साथ-सबका विकास' संभव ही नहीं है।'' कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि ये औरों की लकीर छोटी करने में लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर 'जातिवाद का जहर' फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक वह सत्ता में रही तब तक उसने ना तो संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न दिया, ना ही अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने कहा, ''तीन दशक तक, दोनों सदनों में सभी दलों के ओबीसी सांसद सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, लेकिन उनकी मांग को ठुकरा दिया गया। क्योंकि शायद उस समय उनकी (कांग्रेस) राजनीति को ये सूट नहीं करता होगा।''

## 'एक्सिस मॉय इंडिया' और 'टुडेज चाणक्य' ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत की संभावना जताई

| एजेंसी | बीजेपी | आप | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| एक्सिस माय इंडिया | 44-55 | 15-25 | 0-1 |
| CNX | 49-61 | 10-19 | 0-1 |
| टुडेज चाणक्य | 51 | 19 | 00 |

**नयी दिल्ली :** चर्चित चुनावी सर्वेक्षण एजेंसियों 'एक्सिस मॉय इंडिया' और 'टुडेज चाणक्य' ने अपने एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में संभावना जताई कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रचंड बहुमत मिल सकता है। इससे एक दिन पहले जारी हुए ज्यादातर एग्जिट पोल में भी भाजपा के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई थी। हालांकि, दो सर्वेक्षणों में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी (आप) अपनी सत्ता बरकरार रख सकती है। 'एक्सिस मॉय इंडिया' का अनुमान है कि दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 45-55 सीट मिल सकती हैं तथा आप को 15-25 सीट से ही संतोष करना पड़ सकता है। उसका कहना है कि कांग्रेस को अधिकतम एक सीट मिल सकती है। उसने अपने सर्वेक्षण में संभावना जताई है कि भाजपा को 48 प्रतिशत, आप को 42 प्रतिशत और कांग्रेस को सात प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। 'टुडेज चाणक्य' के एग्जिट पोल में कहा गया है कि भाजपा को 49 प्रतिशत वोट के साथ 51 (छह कम या ज्यादा) सीट हासिल हो सकती हैं, वहीं आप को 41 प्रतिशत वोट तथा 19 सीट (छह कम या ज्यादा) मिलने का अनुमान है। उसने कहा है कि अन्य को 10 प्रतिशत वोट तथा अधिकतम तीन सीट मिल सकती हैं। वर्ष 1998 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था और तब से वह राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हुआ।

## चंद्रयान-4 को 2027 में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत वर्ष 2027 में चंद्रयान-4 मिशन को लॉन्च करेगा, जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह से चट्टानों के नमूने एकत्र कर पृथ्वी पर लाना है। चंद्रयान-4 मिशन के तहत दो अलग-अलग प्रक्षेपण किये जाएंगे, जिनमें अत्यधिक वजन ले जाने वाले प्रक्षेपण यान (एलवीएम) के माध्यम से मिशन के पांच उपकरणों को भेजा जाएगा। उन्हें अंतरिक्ष में एक-दूसरे से जोड़ा जाएगा। सिंह ने पीटीआई-वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''चंद्रयान-4 मिशन का लक्ष्य चंद्रमा की सतह से नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर लाना है।'' मंत्री ने बताया कि गगनयान को अगले साल अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। मिशन के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और सुरक्षित रूप से धरती पर वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्र की सतह का अन्वेषण करने के लिए 2026 में भारत समुद्रयान को लॉन्च करेगा, जिसमें तीन वैज्ञानिकों को एक विशेष पनडुब्बी के जरिये महासागर की 6,000 मीटर गहराई तक भेजा जाएगा। सिंह ने कहा, ''यह उपलब्धि भारत के अन्य प्रमुख मिशन के तर्ज पर होगी और यह वैज्ञानिक उत्कृष्टता की ओर देश की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।''

## बिना धूम्रपान के भी बढ़ा फेफड़ों का कैंसर

देश की लगातार खराब होती आबोहवा के बावजूद वायु प्रदूषण व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा न तो चुनावी घोषणा पत्रों में नजर आता है और न ही नीति-नियंता ही इस विषय पर संवेदनशील नजर आते हैं। नागरिकों के स्तर पर भी हम वह जागरूकता नहीं ला पाए हैं, जिससे वे जनप्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिये कारगर नीति बनाने के लिये बाध्य कर सकें। हाल ही में सामने आए एक शोध का वह निष्कर्ष चौंकाने वाला है कि दक्षिण-पूर्व एशिया में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़े के कैंसर के मामलों में खासी तेजी आई है। एक नया अध्ययन बताता है कि इस संकट की मूल वजह वायु प्रदूषण ही है। हाल ही में 'लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा किया गया है कि साल 2022 में पच्चीस लाख लोगों में इस बीमारी का पता चला था। हालांकि, इस कैंसर का शिकार होने वालों में ज्यादा संख्या पुरुषों की थी लेकिन महिलाओं की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी यानी आईएआरसी समेत कई अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने डेटा विश्लेषण के बाद निष्कर्ष दिया कि एडेनोकार्सिनोमा पुरुषों और महिलाओं में कैंसर का एक मुख्य कारक बनता जा रहा है। यानी ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों से शुरू होता है। वर्ष 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों के फेफड़ों के कैंसर के 53 से 70 फीसदी मामले इसी कारक की वजह से सामने आए हैं। यह विडंबना ही है कि जहां एक ओर दुनिया में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद धूम्रपान न करने वालों के फेफड़ों में कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। जो कैंसर से संबंधित मृत्यु का पांचवां प्रमुख कारण माना जाता है।

निश्चित रूप से दुनिया भर में व्याप्त वायु प्रदूषण के संकट से निबटने के लिये सामूहिक प्रयास व सत्ताधीशों की सक्रियता नजर नहीं आती। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की साल 2024 में आई एक रिपोर्ट में पूरी दुनिया में 81 लाख लोगों के वायु प्रदूषण से मरने का आंकड़ा सामने आया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अकेले भारत में इक्कीस लाख मौतें वायु प्रदूषण जनित विभिन्न बीमारियों से होने की आशंका है। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत विभिन्न बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के चिंताजनक आंकड़े अकसर सामने आते रहते हैं। यहां तक कि कई बार देश की शीर्ष अदालत दिल्ली को गैस चेंबर बनाने का आक्षेप लगाती रही है। लेकिन जब वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है तो विभिन्न ग्रैप मानकों के अंतर्गत कार्रवाई फौरी तौर पर की जाती है। इसके बावजूद सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 का स्तर लगातार बढ़ता ही रहता है। सत्ताधीश इसके लिये पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार बताकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। हाल में आए एक अध्ययन में बताया गया है कि अक्तूबर-नवंबर में दिल्ली व एनसीआर में होने वाला ज्यादातर प्रदूषण काफी हद तक स्थानीय कारणों से उत्पन्न होता है। आकाश परियोजना के तहत जापान के एक शोध संस्थान द्वारा कराया गया एक अध्ययन शोध पत्रिका 'एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित हुआ है। जिसमें वर्ष 2022 और 2023 के सितंबर से नवंबर महीनों के दौरान दर्ज किए गए अति सूक्ष्म कणों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिसके अंतर्गत पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में तीस सेंसर लगाए गए थे। अध्ययन बताता है कि सूक्ष्म कणों यानी पीएम-2.5 के समग्र स्तर में केवल 14 फीसदी योगदान पराली जलाने के मामलों का था। हालांकि, अध्ययन ने माना कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले ग्रैप की प्रभावशीलता नजर आई है। निश्चित रूप से स्वच्छ वायु के लिए सामाजिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय प्रदूषण के कारणों की सख्त निगरानी की भी जरूरत है।

## स्त्री-विमर्श की संस्कृति और पर्यावरण-विमर्श का विज्ञान



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

स्त्री विमर्श की अवधारणा और महत्ता ने नव विमर्श के क्षेत्र में एक नया मुकाम बनाया है।स्त्री विमर्श एक ऐसा विमर्श है जो समाज में स्त्रियों की स्थिति, उनके अधिकार, उनके संघर्ष, और उनकी अस्मिता पर विचार करता है। यह विमर्श लैंगिक समानता, स्त्रियों के अधिकारों और उनके सम्मान की बात करता है। समाज में सदियों से चली आ रही पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने स्त्रियों को दोयम दर्जे का स्थान दिया है, जिसके कारण उनकी भूमिका और अस्तित्व को सीमित किया गया है।

स्त्री विमर्श इस असमानता और भेदभाव को चुनौती देता है। स्त्री विमर्श का आधार स्त्रीवादी आंदोलन है, जो 19वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक विभिन्न रूपों में सामने आया है।इसके तहत स्त्रियों की शिक्षा, रोजगार, स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकार, और लैंगिक हिंसा के खिलाफ संघर्ष किया गया। इस विमर्श ने न केवल महिलाओं के अधिकारों की बात की, बल्कि समाज के अन्य शोषित वर्गों की समस्याओं को भी उजागर किया।स्त्री विमर्श समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसकी प्रमुख महत्ता को समझने का प्रयास किया गया है।

उल्लेखनीय है कि लैंगिक समानता इस विमर्श की मर्म वस्तु है। स्त्री विमर्श समाज में स्त्री और पुरुष के बीच समानता की बात करता है। यह भेदभाव और असमानता को समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।शिक्षा और जागरूकता ने स्त्री विमर्श को एक नई जान दी है । शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। इसके कारण स्त्रियाँ आज शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में भी अग्रसर हो रही हैं। स्त्री समाज को आर्थिक मजबूती प्रदान करना जरूरी है। स्त्रियों को रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन के लिए प्रेरित करना इस विमर्श का प्रमुख उद्देश्य है।

इस विमर्श ने संवेदनशील समाज का निर्माण किया है।स्त्री विमर्श ने समाज को स्त्रियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाया है। यह घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, यौन क्रीड़ा,यौन शोषण, और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सहायक है। साहित्य और संस्कृति पर प्रभाव इस विमर्श का प्रभाव पड़ा है। स्त्री विमर्श ने साहित्य और संस्कृति को भी समृद्ध किया है। साहित्य में स्त्री पात्र अब अधिक सशक्त और स्वतंत्र दिखाई देते हैं, जो समाज में परिवर्तन का प्रतीक हैं।गगन गिल ने इच्छा से मुँह फेरकर कविता में स्त्री जीवन की वास्तविकता के संबंध में विस्तृत से जानकारी दी है, यथा: दोस्ती में प्रेम था/ प्रेम में इच्छा/ इच्छा से मुँह फेर कर/ वह कहाँ जाएगी?/इच्छा से मुँह फेरकर/वह रेल की पटरी पर जाएगी/

या झील के किनारे/या नींद की दसवीं गोली के सिरहाने/तीसरी मंज़िल की मुँडेर पर/अंतिम इच्छा के संकोच तक/प्रेम में इच्छा थी, इच्छा में तृष्णा/तृष्णा क्यों माँगती थी/अपने लिए जगह?/काफ़ी नहीं थी तृष्णा के लिए/उनींद, अधनींद, स्वप्न का दोष/ तृष्णा से बचकर वह कहाँ रहेगी?/तृष्णा से बचकर/ वह अपनी देह में रहेगी/कभी न उतरने वाले/ निन्यानवे के बुख़ार की तरह/पाप की ऐंठन की तरह/ प्रेम में इच्छा थी/इच्छा में देह/ देह जब नहीं बचेगी/ इच्छा कहाँ रहेगी?/

सिमोन द बोउवार, वर्जीनिया वुल्फ, महादेवी वर्मा, कमला भसीन, सुधा अरोड़ा, एलैने शवाल्टर, मैरी वॉलस्टोनक्राफ़ ,अरुंधति राय,तस्लीमा नसरीन,मृदुला गर्ग जैसी महिला विमर्श कर्त्ताओं ने स्त्री विमर्श को विस्तार दिया है । सिमोन द बोउवार ने कहा है कि

कोई स्त्री पैदा नहीं होती, बल्कि उसे स्त्री बनाया जाता है। वर्जीनिया वुल्फ का एक विख्यात उद्धरण है ;किसी भी महिला को लेखन के लिए अपनी आजादी और आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत होती है।

महादेवी वर्मा ने बताया है कि स्त्री केवल भोग की वस्तु नहीं है; वह समाज का उत्थान करने वाली शक्ति है। कमला भसीन के मतानुसार,पितृसत्ता सिर्फ पुरुषों को लाभ नहीं पहुंचाती, यह उन्हें भी एक ढांचे में बांधती है। सुधा अरोड़ा ने बिल्कुल सही लिखा है कि स्त्री के साहित्य को स्त्री की अनुभूति और दृष्टि से समझा जाना चाहिए, न कि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण से।

एलैने शवाल्टर का मानना है कि नारीवादी आलोचना केवल स्त्रियों के बारे में नहीं है, यह साहित्य और संस्कृति को देखने के दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास है। अरुंधति राय को यह दुनिया अधूरी दिखती है, जैसा कि उन्होंने लिखा है कि दुनिया अधूरी कहानियों से भरी हुई है, खासकर जब बात महिलाओं की होती है। तस्लीमा नसरीन ने स्त्री विमर्श को आगे बढ़ाते हुए कहा है कि एक स्वतंत्र महिला विद्रोही नहीं होती; वह सिर्फ एक इंसान होती है, जिसमें खुद होने का साहस होता है। मृदुला गर्ग ने स्त्री के जीवन को एक नये ढंग से देखने पर जोर दिया है, जैसा कि उन्होंने लिखा है कि स्त्री का जीवन एक ऐसी किताब है, जो हर बार नए तरीके से पढ़ी जा सकती है।

स्पष्ट यह है कि स्त्री विमर्श केवल स्त्रियों के अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि समाज की संरचना, सोच और मूल्यों को बदलने का प्रयास करता है।स्त्री विमर्श केवल स्त्रियों तक सीमित नहीं है; यह पूरे समाज के लिए आवश्यक है। इस विमर्श के माध्यम से एक ऐसे समाज का निर्माण किया जा सकता है, जहां हर व्यक्ति, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, समान रूप से सम्मानित और स्वतंत्र हो। अंकिता शाम्भवी ने पर वेश्याओं ने तुम्हें कभी प्यार नहीं किया शीर्षक कविता में स्त्री की ईमानदारी पर जोरदार चित्र खींचा है, यथा:सभी ने तुम्हें निराश किया / सभी को तुमने धिक्कारा/अपनी कविताओं में उन्हें बार-बार लताड़ा / तुम्हारी उँगलियों और टाइपराइटर के बीच/ ईमान का रिश्ता था। /

स्त्री विमर्श के निष्कर्ष पर सविता सिंह की इस कविता को उद्धत किया जा सकता है,इस कविता का शीर्षक है:- सौंदर्य का आश्चर्यलोक और इस कविता की पंक्तियां हैं ;जो खुद-ब-खुद स्पष्ट है :- बचपन में घंटों माँ को निहारा करती थी/ मुझे वह बेहद सुंदर लगती थी/ उसके हाथ कोमल गुलाबी फूलों की तरह थे/ पाँव ख़रगोश के पाँव जैसे/ उसकी आँखें सदा सपनों से सराबोर दिखतीं/ उसके लंबे काले बाल हर पल उलझाए रखते मुझे/याद है सबसे ज़्यादा मैं उसके बालों से ही खेला करती थी/ उसे गूँथती फिर खोलती थी/जब माँ नहा-धोकर तैयार होती/साड़ी बाँधती/ मेरे लिए वह विश्व का सुंदरतम दृश्य होता/ जिसके रंगों और ख़ुशबुओं में मैं यूँ खो जाती/ जैसे कोई एलिस आश्चर्यलोक में/ जब मैं थोड़ी बड़ी हुई/मुझे अपनी बड़ी बहन दुनिया की सबसे सुंदर/ लड़की लगने लगी/ उसकी लगभग सोने जैसी देह/ अपनी दमक से संसार को भरती/ उसे भी मैं घंटों देखती जब वह तैयार होती/ नहा-धोकर लगभग माँ की तरह ही/ अपने लंबे बालों को सुखाती सँवारती बाँधती /उसकी आँखें माँ की आँखों से भी ज़्यादा स्वप्निल दिखतीं/अब मुझे अपनी बेटियाँ इतनी सुंदर लगती हैं/ कि मैं उनके पाँवों को चूमती रहती हूँ/ मन ही मन ख़ुश होती हूँ/ कि एक स्त्री हूँ/ और घिरी हूँ इतने सौंदर्य से।

पर्यावरण विमर्श के केंद्रीय मुद्दों पर चर्चा करने से यह पता चलता है कि पर्यावरण विमर्श वर्तमान में एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि मानव और प्रकृति के बीच संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इसमें प्रमुखता से उन समस्याओं और समाधानों पर चर्चा होती है जो हमारी पृथ्वी और उसके संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक हैं। पर्यावरणीय मुद्दे स्थानीय नहीं हैं। पर्यावरण का वैश्विक प्रभाव है।जलवायु परिवर्तन समय का सबसे बड़ा पर्यावरणीय संकट है। औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधन का अति प्रयोग, और वनों की कटाई ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ाया है। इसके कारण ग्लोबल वॉर्मिंग, समुद्र स्तर में वृद्धि, और अनियमित मौसम जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यह केवल पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, कृषि और आर्थिक प्रणालियों को भी प्रभावित कर रहा है। वनों की कटाई और जैव विविधता का नुकसान उल्लेखनीय है।

वन पर्यावरण की रीढ़ है, लेकिन वनों की कटाई के कारण जैव विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। पशु और पौधों की कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। वनों की कटाई के परिणामस्वरूप मिट्टी का क्षरण, जल चक्र में बदलाव, और कार्बन संतुलन में बाधा आ रही है। जैव विविधता की रक्षा के लिए संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार और पौधारोपण जैसे प्रयास आवश्यक हैं।

वायु, जल, और मिट्टी का प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। औद्योगिक कचरा, प्लास्टिक का अति प्रयोग, और रसायनों का अनियंत्रित उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। जल स्रोतों का दूषित होना और वायु प्रदूषण के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। टिकाऊ प्रौद्योगिकियों और कचरा प्रबंधन की प्रभावी प्रणालियों का विकास करना अत्यावश्यक है।

जल संकट एक प्रमुख मुद्दा है, क्योंकि जल के प्राकृतिक स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एक चुनौती बनती जा रही है। जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, और जल संरक्षण की योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है।पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है। कोयला, पेट्रोलियम, और प्राकृतिक गैस जैसे स्रोत सीमित हैं और इनके उपयोग से भारी प्रदूषण होता है। सौर, पवन, और जल विद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ाना पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कुंजी हो सकता है।

पर्यावरण विमर्श केवल वैज्ञानिक या प्रशासनिक विषय नहीं है; यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। स्थायी विकास, जागरुकता, और सामूहिक प्रयासों के बिना पर्यावरणीय समस्याओं को हल करना संभव नहीं है। हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण का संरक्षण न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य है।

पर्यावरण विमर्श प्रकृति, मानव और विकास के बीच संबंधों पर विचार करता है। यह सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान की खोज करता है। इस संदर्भ में विभिन्न विद्वानों ने पर्यावरण विमर्श की अवधारणा और विशेषताओं को स्पष्ट किया है। रमेश कुमार ने लिखा है, पर्यावरण विमर्श का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए समाज और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित करना है। इससे स्पष्ट होता है कि विमर्श विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन पर आधारित है। ई.पी. थॉमसन ने बताया है कि पर्यावरणीय मुद्दे मानव के औद्योगिक लालच के परिणाम हैं, जो प्राकृतिक संतुलन को भंग करते हैं।

यह उद्धरण इस बात पर प्रकाश डालता है कि पर्यावरणीय समस्याएं मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होती हैं। डेविड हार्वे के अनुसार ,पर्यावरण विमर्श एक ऐसा ढांचा है, जो सामाजिक न्याय और पारिस्थितिक स्थिरता को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने पर्यावरण विमर्श के बहुआयामी दृष्टिकोण पर जोर दिया है। वंदना शिवा ने पर्यावरण विमर्श के अंतर्गत महिलाओं और प्रकृति के शोषण के समानांतर संबंधों को समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि पर्यावरण विमर्श में लैंगिक पहलू भी महत्वपूर्ण है। एलेन नाओमी ने लिखा है कि पर्यावरण विमर्श एक सतत संवाद है, जो समाज, संस्कृति और विज्ञान के बीच पुल का काम करता है।उनके अनुसार पर्यावरण विमर्श एक तरह से संवादात्मक और बहुस्तरीय स्वरूप को रेखांकित करता है।थॉमस बैरी ने बताया है कि मानव और प्रकृति के बीच सह-अस्तित्व ही पर्यावरण विमर्श की नींव है। उन्होंने प्राकृतिक संबंधों के महत्व को रेखांकित किया है। रेचल कार्सन ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल एक वैज्ञानिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण विमर्श के नैतिक पहलू को उजागर किया है। विद्वानों के

उपरोक्त मतों से पर्यावरण विमर्श के विविध और व्यापक दृष्टिकोण की वास्तविकता का पता चलता है। पर्यावरण विमर्श केवल प्रकृति के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। विद्वानों के विचारों के अनुसार पर्यावरण विमर्श न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य के लिए भी अनिवार्य है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि साहित्य के स्त्री-विमर्श और पर्यावरण-विमर्श ने विचार जगत को आलोकित करते हुए यह बताने का प्रयास किया है कि वैश्विक प्रभाव ने इस देश-दुनिया को आश्चर्य ढंग से प्रभावित किया है। पूरा विश्व एक गांव बनने की प्रक्रिया से गुजरने लगा है। निर्माण के नाम पर आश्वासनों की वर्षा शुरू हुई है तथा सहयोग के नाम पर सुखाड़ का बोलबाला लक्षित है। एक अद्भुत मौसम ने विमर्श की बुनावट पूरी की है; हालांकि संवाद-विवाद का सिलसिला शुरू है; यह सिलसिला कब कहाँ जाकर रुकेगा यह कहना मुश्किल है, लेकिन मानव समाज इसी उम्मीद में है कि कल की सुबह हमारी होगी, आपकी होगी तथा हम सबों की होगी। यह पूरा विश्वास है कि साहित्य के इन विमर्शों से कोई-न-कोई रास्ता निकलेगा जिस रास्ते पर चलते हुए मानव की जय-यात्रा सफल होगी।

## विदेश की खबरें

### ट्रंप की नीतियों, एलन मस्क के खिलाफ अमेरिका के कई शहरों में प्रदर्शन



**वाशिंगटन :** ट्रंप प्रशासन की शुरुआती कार्रवाइयों के खिलाफ बुधवार को अमेरिका के कई शहरों में लोग सड़कों पर एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रवासियों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई से लेकर ट्रांसजेंडर अधिकारों को वापस लेने और गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को जबरन स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की निंदा की। फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया, मिनेसोटा, मिशिगन, टेक्सास, विस्कॉन्सिन, इंडियाना और कई अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निंदा करते हुए पोस्टर लहराए। ओहायो के कोलंबस में स्टेटहाउस के बाहर विरोध-प्रदर्शन में शामिल मार्गरेट विल्मेथ ने कहा, 'मैं पिछले दो सप्ताह में लोकतंत्र में हुए बदलावों से चकित हूं, लेकिन यह बहुत पहले शुरू हो गया था।' विल्मेथ ने कहा कि वह सिर्फ प्रतिरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं।

विरोध-प्रदर्शन सोशल मीडिया पर हैशटैग 'बिल्डदरेजिस्टेंस' और हैशटैग '50501' के तहत चलाए गए एक ऑनलाइन आंदोलन का परिणाम था। हैशटैग '50501' के तहत एक दिन में 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था। सोशल मीडिया पर कई वेबसाइट और अकाउंट पर 'फासीवाद को अस्वीकार करें' और 'हमारे लोकतंत्र की रक्षा करें' जैसे संदेशों के साथ कार्रवाई का आह्वान किया गया। जमा देने वाली ठंड में भी मिशिगन की राजधानी लांसिंग के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। एन आर्बर क्षेत्र की कैटी मिग्लिएट्टी ने कहा कि वित्त विभाग के डेटा तक मस्क की पहुंच विशेष रूप से चिंताजनक है। उन्होंने एक चित्र थाम रखा था, जिसमें मस्क को ट्रंप को कठपुतली की तरह नचाते हुए दिखाया गया है।

### ट्रंप की धमकी के बाद मेक्सिको ने अमेरिका से लगी सीमा पर 10,000 सैनिकों को किया तैनात

**सियुदाद जुआरेज़ (मेक्सिको) :** मेक्सिको के 'नेशनल गार्ड' सैनिक और सेना के कई ट्रक सियुदाद जुआरेज़ और टेक्सास के एल पासो को अलग करने वाली सीमा पर बुधवार को देखे गए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने की धमकियों के बाद मेक्सिको ने अपने उत्तरी सीमा पर 10,000 सैनिक भेजे हैं। सियुदाद जुआरेज़ के बाहरी इलाके में नकाबपोश और हथियारबंद राष्ट्रीय गार्ड के सदस्य अवरोधकों के साथ झाड़ियों के बीच से गुजरते देखे गए। तिजुआना के पास भी सैनिकों की गश्ती देखी गई। भारी शुल्क लगाने की ट्रंप की घोषणा के बाद यह घटनाक्रम हुआ है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने वादा किया कि वह सीमा को सुदृढ़ करने और माकद फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए देश के नेशनल गार्ड सैनिकों को सीमा पर तैनात करेंगी।

### ट्रंप की धमकी के बाद मेक्सिको ने अमेरिका से लगी सीमा पर 10,000 सैनिकों को किया



**सियुदाद जुआरेज़(मेक्सिको):** मेक्सिको के 'नेशनल गार्ड' सैनिक और सेना के कई ट्रक सियुदाद जुअरेज़ और टेक्सास के एल पासो को अलग करने वाली सीमा पर बुधवार को देखे गए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने की धमकियों के बाद मेक्सिको ने अपने उत्तरी सीमा पर 10,000 सैनिक भेजे हैं। सियुदाद जुआरेज़ के बाहरी इलाके में नकाबपोश और हथियारबंद राष्ट्रीय गार्ड के सदस्य अवरोधकों के साथ झाड़ियों के बीच से गुजरते देखे गए। तिजुआना के पास भी सैनिकों की गश्ती देखी गई। भारी शुल्क लगाने की ट्रंप की घोषणा के बाद यह घटनाक्रम हुआ है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने वादा किया कि वह सीमा को सुदृढ़ करने और माकद फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए देश के नेशनल गार्ड सैनिकों को सीमा पर तैनात करेंगी। पिछले एक साल में अवैध प्रवासन में कमी आने और फेंटेनाइल(दर्द निवारक के रूप में उपयोग की जाने वाली दवा) के अत्यधिक सेवन में उल्लेखनीय गिरावट आने के बावजूद ट्रंप ने सीमा पर आपात स्थिति घोषित कर दी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 फरवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष दशमी, 21:29 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 18:40 तक, योग : इंद्र, 16:10 तक, सूर्योदय: 6:13, सूर्यास्त: 17:28, चन्द्रोदय : 12:24, चन्द्रास्त: 01:34, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 10:27 से 11:50

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को ऑफिस के काम को सावधानी से करने की सलाह दी जाती है। किसी बड़े अधिकारी से अनबन होने की आशंका है। संभलकर काम करें। वरना नुकसान हो सकता है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों को करियर में लाभ होगा, लेकिन अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। सरकारी नौकरी वालों का वरिष्ठ अधिकारियों से विवाद हो सकता है। शाम के समय संबंधों में सुधार होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए करियर में लाभ के योग हैं। तरक्की के भी अवसर प्राप्त होंगे। दिन के पहले भाग में छोटे-मोटे लाभ होने की संभावना है। व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे सुलझ जाएंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ होगा। किसी भी विरोधी की आलोचना पर ध्यान न दें और अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता मिलेगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। भाग्य साथ देगा और कारोबार में किस्मत चमकेगी। फालतू चर्चा और विवाद से बचें।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए धन और सम्मान में वृद्धि के योग हैं। पारिवारिक मंगल कार्य की खुशी मिलेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में गुस्से पर काबू रखें।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए पद और अधिकार में वृद्धि के योग हैं। सम्मान में भी वृद्धि होगी। समस्याओं का समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रह सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए लाभ और सफलता का दिन है। परिवार से हर प्रकार की मदद मिलेगी और सम्मान में वृद्धि होगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से लाभ होगा। अच्छी साठगांठ बनेगी।

**धनु :** धनु राशि वालों को करियर में लाभ होगा। किसी विशेष घटनाक्रम में लाभ और संपत्ति मिल सकती है। धर्म और अध्यात्म में विश्वास बढ़ेगा। रोजमर्रा के काम में लापरवाही न बरतें।

**मकर :** मकर राशि वालों के सम्मान में वृद्धि के योग हैं। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रु पक्ष के लोग आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को लाभ होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग बन सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों को करियर में लाभ होगा और सम्मान में वृद्धि होगी। संतान से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने में समय बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2998

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ | 27 | | 28 | 29 |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

बायें से दायें:- 1) कुपरिस्थिति; असमानता, 3) कूटप्रश्न; भूल-भुलैयाँ; *पज़ल*, 6) ग़लती; भूल; हानि, 8) अस्वीकृति, 9) तीव्र इच्छा, 11) सुंदर; प्रेमपात्र, 13) गुदा, 14) गतिविधि; प्रयास; संचलन; चेष्टा, 16) भोर, 18) ऊपर से, 19) कठिन, 20) आदमियों का समूह; भूमिखंड, 21) भेदभावहीनता, 22) सांत्वना, 24) एक पक्षी, 25) एक प्रशंसासूचक शब्द, 27) इरादा, 30) प्रभावशाली, 31) छिलका; त्वचा.

ऊपर से नीचे:- 1) अधिकतम; विस्तीर्ण, 2) गड़ी नज़र, 3) कुल्हाड़ी, 4) व्यस्त; मग्न, 5) दुरुस्ती, 7) लोकसमूह; *सोसाइटी*, 10) कक्ष, 12) विपत्ति; आपदा; वज्रपात, 15) पास, 17) अगणित, 18) जोरू; स्त्री, 19) किसी देश के राजदूत का कार्यालय, 20) लीन, 21) सिंघाड़े के आकार का एक पकवान, 23) युद्ध, 26) मोहक; अपहर्ता; प्रत्येक, 28) नीरस; जलहीन, 29) छोटा लड़का.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ग्र | ह | ■ | स | ■ | माँ | झी | ■ | क |
| म | ■ | म | न | मा | नी | ■ | ना | का | म |
| ने | व | ला | ■ | प | र | म | ■ | ■ | ज़ो |
| सा | ■ | ■ | म | न | ■ | क | चू | म | र |
| म | क | रं | द | ■ | घू | स | ■ | हे | ■ |
| ने | म | ■ | द | र्रा | ■ | द | ह | श | त |
| ■ | ल | हँ | गा | ■ | के | ■ | क | ■ | र्क |
| ढो | ■ | स | र | ज़ो | र | ■ | ब | ■ | ही |
| ल | गा | ना | ■ | ■ | ल | ड़ | क | प | न |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2958

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | 3 | 2 | | | 5 | | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 1 | |
| 8 | | 9 | | | | | 7 | |
| | | | | 1 | | 3 | | |
| 7 | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2957 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |

# माध्यमिक परीक्षा के दौरान ट्रैफिक नियंत्रित करेगी कोलकाता पुलिस

## 9 जनवरी को पुलिस के हाफ मैराथन के लिए भी कई सड़कें रहेंगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रही माध्यमिक परीक्षाओं के दौरान यातायात नियंत्रित करने के लिए कोलकाता पुलिस विशेष अभियान चलाएगी, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की मुश्किलों का सामना न करना पड़े। कोलकाता पुलिस की तरफ से गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, 10 फरवरी के अलावा 11, 15, 17, 18, 19, 20 और



22 फरवरी को कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। जबकि, ये नियम दक्षिण 24 जिला अंतर्गत भांगड़ में लागू नहीं होगा। इस बीच, नौ फरवरी को शहर में कोलकाता पुलिस हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस वजह से रेड रोड 8 फरवरी को रात 10 बजे से नौ फरवरी को होने वाली मैराथन के समापन तक बंद रहेगा। 9 तारीख को सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक एजेसी बोस रोड पर हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से मल्लिक बाजार, खिदिरपुर रोड, एस्प्लेनेड रोड, डफरिन रोड, जवाहरलाल नेहरू रोड, आरआर एवेन्यू और मेयो रोड तक माल वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि 9 फरवरी की सुबह 4 बजे से मैराथन की समाप्ति तक मैदान क्षेत्र की कई सड़कों पर यातायात नियंत्रित रहेगा। कोलकाता पुलिस के अनुसार, वाहनों को दूसरे मार्ग पर मोड़ दिया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, आपातकालीन वाहनों, एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोलियम, तेल, ऑक्सीजन, दूध, दवाइयां, सब्जियां, फल, मछली आदि ले जाने वाले आवश्यक वाहनों को उक्त दिनों में सुबह 8 बजे तक चलने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त, परीक्षण केंद्रों की सड़कों पर विशेष परिस्थितियां उत्पन्न होने पर ड्यूटी पर तैनात यातायात अधिकारी जरुरी समझने पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित और प्रतिबंधित कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री के निर्देश के 24 घंटे के भीतर ही देउचा-पचामी में काम शुरू, हुआ भूमि पूजन

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश के 24 घंटे के भीतर ही बीरभूम जिले के देउचा-पचामी कोयला खदान परियोजना में काम शुरू हो गया। गुरुवार की दोपहर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न हुआ। जिला अधिकारी बिधान राय ने बताया कि बुनियादी ढांचा पूरी तरह तैयार है। स्थानीय लोग अब यहां से बेसाल्ट और ब्लैकस्टोन निकाल सकेंगे, जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा। हालांकि, शुरुआत में, स्थानीय लोगों ने पुनर्वास और नौकरियों को लेकर विरोध जताया, लेकिन जिला अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 90 प्रतिशत स्थानीय लोगों को यहां काम का अवसर दिया गया है और पुनर्वास को लेकर कोई असंतोष नहीं है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को विश्व बंग व्यापार सम्मेलन (बीजीबीएस) के



पहले दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीरभूम के देउचा-पचामी कोयला खदान परियोजना का जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि यह एशिया की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसमें 210 करोड़ 20 लाख टन कोयले का भंडार है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि बुनियादी ढांचा तैयार है और गुरुवार से ही काम शुरू किया जा सकता है। निवेशकों से उन्होंने इस परियोजना में भाग लेने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद गुरुवार की सुबह से ही परियोजनास्थल पर गतिविधियां तेज हो गईं। सबसे पहले चांदा मौजा की 12 एकड़ जमीन पर कार्य शुरू हुआ और विधिवत भूमि पूजन किया गया। हालांकि, कुछ स्थानों पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी जारी है, जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### कल्याणी एम्स में वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोपों पर कोलकाता हाई कोर्ट में सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कल्याणी एम्स में वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोप में दाखिल जनहित याचिका पर कोलकाता हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को इस मामले में याचिकाकर्ता की भूमिका पर संदेह जताते हुए मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम ने कहा कि इस मामले को दंडित किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने यह सवाल उठाया कि एक सामान्य नागरिक, जो याचिकाकर्ता है, उसे ई-टेंडर की कॉपी कैसे प्राप्त हुई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से सवाल किया, क्या आप चाहते हैं कि अस्पताल बंद कर दिया जाए? एक सामान्य नागरिक होते हुए, आपको ई-टेंडर से संबंधित दस्तावेज कैसे मिले? मुख्य न्यायाधीश ने इसके बाद एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की, याचिकाकर्ता के सिर पर बंदूक रखकर कोई उसे पीछे से चला रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि एम्स अस्पताल के निर्माण को लेकर पहले भी कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं।

## भूटान सेना प्रमुख का कोलकाता दौरा, विजय दुर्ग में अर्पित की श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना के आमंत्रण पर रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) लेफ्टिनेंट जनरल बातू छेरिंग कोलकाता पहुंचे। अपने दौरे के तहत उन्होंने विजय दुर्ग में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के चीफ ऑफ स्टाफ आरके श्रीकांत और जीओसी हेडक्वार्टर ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ईस्टर्न कमांड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत और भूटान के बीच सैन्य संबंधों की मजबूती और आपसी सहयोग का संदेश दिया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल बातू छेरिंग की यह यात्रा दोनों देशों के सैन्य कूटनीतिक संबंधों को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्व-पूर्ण कदम माना जा रहा है।

## हिन्दमोटर में छात्रा से यौन शोषण के आरोप में स्कूल का सिक्योरिटी गार्डी गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में महिलों से दुष्कर्म व उत्पीड़न, नाबालिग से यौन शोषण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन कोई न कोई मामला प्रकाश में आते रहते है। इस बार, मामला उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत हिन्दमोटर के स्टेशन रोड इलाके के भगाड़ मोड़ इलाके में स्थित एक प्ले ग्रुप स्कूल से सामने आया है। आरोप है कि स्कूल के सुरक्षा कर्मी ने एक नन्ही छात्रा से यौन शोषण किया। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों का गुस्सा स्कूल के खिलाफ फुट पड़ा। आक्रोशित अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। स्कूल में हंगामे की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में हस्तक्षेप करते हुए अभिभावकों को समझा



बुझाकर मामला शांत किया। इधर, पुलिस ने सुरक्षा कर्मी को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय सूत्रों और अभिभावकों ने बताया कि एक बच्ची स्कूल जाने से डर रही थी। जब उससे इसका कारण पूछा गया तो उसने बताया कि स्कूल के सुरक्षा गार्ड चाचा ने स्कूल में उसे बुरी तरह से छुआ था। इसके बाद ही अभिभावक बिफर गए। अभिभावकों ने स्कूल पर धावा बोल दिया। जोरदार विरोध प्रदर्शन के साथ ही प्रिंसिपल के पति को थप्पड़ भी मारे गए। उत्तरपाड़ा थाना पुलिस ने आरोपी सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। पुलिस स्कूल के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

## भारत रत्न दिलाने का झांसा देकर पूर्व शिक्षिका से ठगे 44 लाख रुपये, स्कूल शिक्षक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** भारत रत्न दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने एक पूर्व शिक्षिका से 44 लाख रुपये ठग लिए। यही नहीं, पद्मश्री व वीर सेवा पदक दिलाने का भी वादा किया था। जांच के बाद पुलिस ने ठगी करने वाले मुर्शिदाबाद जिले के प्राथमिक स्कूल के एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार शिक्षक का नाम हसनुज्जमां है। वह सुती थाना अंतर्गत बाजितपुर क्षेत्र के शेखपुरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। सुती थाना क्षेत्र की निवासी पूर्व शिक्षिका जयनूर बीबी ने आरोप लगाया कि हसनुज्जमां ने उसके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए शुरुआत में कई लाख रुपये लिए। वह यहीं नहीं रुके। इसके बाद, शिक्षक ने उन्हें भारत रत्न, पद्मश्री और वीर सेवा पदक दिलाने का भी वादा किया। जयनूर ने आरोप



लगाया कि उन्होंने कई किस्तों करीब 44 लाख रुपये उनसे ठग लिए। जयनूर की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और हसनुज्जमां को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शिक्षक को गुरुवार को जंगीपुर अदालत में पेश किया गया। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद राय ने कहा कि लिखित शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह पेशे से शिक्षक हैं। विस्तृत जांच की जा रही है।

## मालदह में बम विस्फोट, दो नाबालिग घायल

**मालदह :** मालदह जिले के रतुआ थाना अंतर्गत हल्दीबाड़ी इलाके में गुरुवार को मकई के खेत में हुए विस्फोट में दो नाबालिग बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के नाम समीर अख्तर (13) और मोहम्मद इम्तियाज (9) है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में समीर अख्तर और मोहम्मद इम्तियाज घास काटने के लिए खेत में गए थे, जो उनके घर से महज 500 मीटर दूर था। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बच्चों को रतुआ ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही



है। रतुआ थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, जिसमें यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बम किस उद्देश्य से खेत में छिपाया गया था। बम निरोधक दस्ते की टीम भी आसपास के इलाके में संभावित अन्य बमों की तलाश कर रही है।

## मेरिल ने वापी में रोबोटिक इनोवेशन समिट (आरआईएस) की मेजबानी की

**कोलकाता, समाज्ञा**

वापी, गुजरात के मेरिल अकादमी में आयोजित रोबोटिक इनोवेशन समिट (आरआईएस) ने रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी के क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और खोज को ले कर एक शानदार आयोजन की मेजबानी की। इस एक दिन के आयोजन में दुनिया के कुछ सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्जन एक मंच पर साथ आए। इस कार्यक्रम में मेरिल के ग्राउंडब्रेकिंग एआई-पावर्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट रोबोटिक सिस्टम मिसो पर प्रकाश डाला गया और पूरे भारत में सर्जिकल परिशुद्धता और रोगी परिणाम पर इसके बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित किया गया।

मेरिल के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष देशमुख ने कहा, मेरिल ने हमेशा स्वास्थ्य सेवा नवाचार में सबसे आगे रहने का प्रयास किया है। मिसो न केवल एक तकनीकी सफलता का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारत में सर्जिकल देखभाल को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतिनिधित्व करता है। रोबोटिक इनोवेशन समिट एक सहयोगी, भविष्य के लिए तैयार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है जो सर्जन और रोगियों दोनों को लाभान्वित करता है।

## पूर्व रेलवे ने रिसड़ा स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर चलाया सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को हावड़ा डिवीजन के रिसड़ा स्टेशन के पास स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 3बी और 4 एसपीएल पर एक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अभियान का उद्देश्य पैदल यात्रियों और सड़क वाहन मालिकों को लेवल क्रॉसिंग गेट पार करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना था। जनसंपर्क विभाग और आरपीएफ के अधिकारियों ने लोगों को यह समझाया कि लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद होने के बाद सही तरीके से खोला और बंद किया जाने



का इंतजार किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली ट्रेन को प्राथमिकता दी जा सके और दोनों ट्रेन और सड़क यातायात का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इस अवसर पर सूचना-शिक्षा-संचार सामग्री वितरित की गई और लेवल क्रॉसिंग पर पोस्टर और बैनर लगाए गए। इसके अलावा, आरपीएफ के कर्मियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए घोषणाएं भी की।

### मेक माई ट्रिप ने 'लव्ड बाय डिवोटिज' किया लॉन्च

**कोलकाता :** मेक माई ट्रिप ने 'लव्ड बाय डिवोटिज' पेश किया है, जो 26 आध्यात्मिक स्थलों पर 450+ चयनित होटलों और होमस्टे का कलेक्शन प्रदान करेगा। यह पहल तीर्थयात्रियों की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाई गई है। इसमें पूजा स्थलों के पास की दूरी, परिवहन सुविधा, शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट, पार्किंग, ट्रैवल डेस्क और बुजुर्गों के अनुकूल सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। केवल 3.5+ रेटिंग वाले आवास ही शामिल किए गए हैं। इसे मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट पर देखा जा सकता है, जिससे भक्त अपनी यात्रा के लिए सही ठहराव चुन सकें। इस विकास पर बात करते हुए, होटल, ग्रोथ और इमर्जिंग बिजनेस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर अंकित खन्ना ने कहा, भारत के आध्यात्मिक स्थलों तक पहुँच पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गई है, बेहतर सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के साथ। 'लव्ड बाय डिवोटिज' यह सुनिश्चित करता है कि ठहराव में ऐसे सुविधाएं हों जो आध्यात्मिक यात्रियों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करें।

## सीटू समर्थित स्ट्रीट हाकरों ने निगम का घेराव किया



**कोलकाता :** सीटू समर्थित हजारों स्ट्रीट हाकरों ने आज एक विशाल रैली के बाद कोलकाता नगर निगम का घेराव किया। बड़ा बाजार के कैनिंग स्ट्रीट से माकपा नेता सिराज अहमद के नेतृत्व में उक्त रैली निकाली गई और फिर हाकरों ने विरोध प्रदर्शन किया। सिराज अहमद ने मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में बताया कि, बंगाल में लगातार हाकरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है तो आज उनकी रोजी रोटी भी खतरे में है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हाकरों को हटाया जा रहा है यह अन्याय है और उन्हें जल्द से जल्द लाइसेंस देना होगा। जिन्हें लाइसेंस दिए गए है उनका नवीनीकरण भी करना होगा। निगम के इलाके के हाकरों का सर्वे हो और उनकी सूची को सार्वजनिक किया जाए। सिराज अहमद ने कहा कि, अगर हाकरों की मांग नहीं मानी गई तो हमलोगों को मजबूरी में हल्ला बोल तरीके से सड़क पर उतरना होगा।

## बारुइपुर में नहर से जूता व्यवसायी का क्षत-विक्षत शव बरामद, चार गिरफ्तार

### पैसों के लालच में परिचितों ने की व्यवसायी की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिला के बारुइपुर में एक नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव हुआ था। बारुइपुर पुलिस ने संदिग्ध ऑनलाइन लेनदेन के आधार पर रहस्य सुलझाया लिया है। पता चला कि परिचितों ने ही पैसों के लालच में जूता दुकान मालिक की हत्या कर दी। मृतक व्यवसायी की पहचान सोनू राम (28) के रूप में की गई है। उनकी कस्बा औद्योगिक क्षेत्र में जूते की दुकान थी। बताया गया है कि गत 31 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह दुकान बंद कर अनूप मंडल के साथ निकले थे। उस समय वह अपनी पत्नी से फोन पर बात कर रहा था। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी देर में घर वापस आ जायेंगे। लेकिन, रात तक घर नहीं लौटने पर पत्नी ने थाने में उनकी गुमशुदगी की डायरी दर्ज कराई। उसका साथी अनूप भी लापता था। इस बीच, गत 5 फरवरी को बारुइपुर में एक नहर से एक सड़ी-गली लाश बरामद की गई। जांच शुरू होते ही पता चला कि बरामद शव सोनू राम का है। पता चला कि हत्या वाले दिन उसके फोन से अमित नस्कर नामक व्यक्ति के खाते में 1 लाख रुपए भेजे गए थे। उससे पूछताछ करने की साजिश का पर्दाफाश हुआ। सोनारपुर निवासी अमित ने बताया कि अनूप मंडल और दीप हलदर ने क्यूआर कोड स्कैन कर पैसे भेजे। इसके तुरंत बाद अनूप को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गये अनूप ने व्यवसायी सोनू की हत्या कर उसके शव को बारुइपुर नहर में फेंकने की बात कबूल की। इस घटना में कई अन्य लोग भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने जांच के दौरान कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभी भी एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार लोगों में अनूप मंडल, दीप हलधर, खोकन वैद्य और प्रदीप नयाबन शामिल हैं। सोनू की हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को नहर में फेंकने के लिए कार का इस्तेमाल किया। उसका ड्राइवर प्रदीप था। रंजन चक्रवर्ती अभी भी फरार है।

## मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा 05 फरवरी को गोड्डा स्टेशन पर एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 65 कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में आम चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लोगों ने लाभ उठाया। इस चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह पर कर्मचारियों का शारीरिक परीक्षण किया गया। जिसमें ऊंचाई, वजन, बीपी, आरबीजी, ईसीजी जैसे जांच शामिल थे। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना और उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाना था।

## बी.आर. सिंह अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस 2025 का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर.सिंह अस्पताल, सियालदह में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉ. कल्पना मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुभाशीष दास, एमडी/बी.आर. सिंह अस्पताल, डॉ. शुभांकर होम, सीएस-ख/बी.आर.सिंह अस्पताल, आईआरएचएस डॉक्टर्स, सहायक आहार अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सियालदह के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉ. मंदीरा बनर्जी ने इस वर्ष के विषय यूनाइटेड बाई यूनिक पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही, डिवीजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. जॉयदीप घोष ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, निदान की महत्ता,



दीर्घकालिक देखभाल योजना और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीनियर डिवीजनल मेडिकल ऑफिसर/सर्जरी डॉ. सौम्य कर्मकार ने यूरोजेनेटल कैंसर के प्रारंभिक संकेतों और महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला। एसीएचडी/आईसी/गायनीकोलॉजी डॉ. ब्यूटी सरकार और ऑब्स्टेट्रिक्स ने स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और अंडाशय कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाई। डॉ. सुमन मेयूर, सीएमपी/रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने उपचार विधियों, सहायक देखभाल, पारिवारिक देखभाल आदि पर चर्चा की। सीनियर डिवीजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. चैताली पात्रा ने बालकों में कैंसर के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। यह कार्यक्रम उत्साही प्रतिभागियों, रेलवे लाभार्थियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के लिए ग्रीन लाइन-1 पर 09 फरवरी को भी चलेगी मेट्रो

**कोलकाता :** पुस्तक प्रेमियों के लिए खुशखबरी! कोलकाता मेट्रो रेलवे ने 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीन लाइन-1 (सियालदह से सॉल्टलेक सेक्टर 5) पर अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं संचालित करने की घोषणा की है।



पुस्तक मेले के दौरान (28 जनवरी 2025 से 09 फरवरी 2025) यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे ने अतिरिक्त सेवाएं चलाई हैं। इसी क्रम में आगामी रविवार, 09 फरवरी 2025 को भी ग्रीन लाइन-1 पर मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

**09 फरवरी 2025 (रविवार) को मेट्रो सेवा का संचालन:**

- ❑ कुल 74 मेट्रो सेवाएं (37 ईस्ट-बाउंड और 37 वेस्ट-बाउंड) चलाई जाएंगी।
- ❑ मेट्रो सेवा का संचालन दोपहर 14:15 बजे से रात 21:40 बजे तक होगा।
- ❑ 14:15 बजे से 21:15 बजे तक हर 12 मिनट के अंतराल पर मेट्रो उपलब्ध होगी।

**पहली सेवा:**

- ❑ 14:15 बजे सियालदह से सॉल्टलेक सेक्टर 5
- ❑ 14:25 बजे सॉल्टलेक सेक्टर 5 से सियालदह

**अंतिम सेवा:**

- ❑ 21:35 बजे सियालदह से सॉल्टलेक सेक्टर 5
- ❑ 21:40 बजे सॉल्टलेक सेक्टर 5 से सियालदह

## सियालदह स्टेशन पर बिना बुक किए सामान को लेकर चलाया गया गहन जांच अभियान

**❑ अतिरिक्त सामान के कुल 68 मामले पकड़े गए, वसूला गया जुर्माना**

**कोलकाता :** यात्रियों की सुविधाओं और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सियालदह मंडल के एडीआरएम (इंफ्रा) राजेश कुमार और डीसीएम शशि रंजन कुमार ने सियालदह रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक गहन औचक जांच अभियान चलाया। अभियान का प्राथमिक फोकस अतिरिक्त सामान की समस्या को रोकना और यात्रियों से निर्धारित सामान सीमा का पालन सुनिश्चित करना था। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम के प्रेरक नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सियालदह मंडल द्वारा एक बयान में बताया गया कि अभियान का लक्ष्य अतिरिक्त सामान ले जाने वाले यात्री थे, जो अक्सर अन्य यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनता है और ट्रेन संचालन के सुचारू प्रवाह को बाधित करता है।

औचक जांच के दौरान यात्रियों और विक्रेताओं के सामान की गहन जांच की गई और अतिरिक्त सामान ले जाने वालों को रेलवे के नियमों और विनियमों के अनुसार



दंडित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि जांच अभियान के दौरान अतिरिक्त सामान के कुल 68 मामले पकड़े गए। अभियान का सफल क्रियान्वयन सियालदह मंडल की यात्री सुरक्षा और सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। डीआरएम दीपक निगम ने सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव बनाए रखने में यात्री सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यात्रियों से निर्धारित सामान सीमा का पालन करने और अतिरिक्त सामान ले जाने से बचने का आग्रह किया, जो न केवल साथी यात्रियों को असुविधा देता है बल्कि सुरक्षा जोखिम भी पैदा करता है।

# नहीं मिली छुट्टी तो सरकारी कर्मचारी ने तीन सहकर्मियों को घोंपा चाकू

**❑ पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में हुआ खूनी खेल, दो की हालत नाजुक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के राजारहाट न्यूटाउन में पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग में तैनात एक सरकारी कर्मचारी ने चार लोगों को चाकू घोंप दिया। इस घटना का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपित हाथों में चाकू लिए घूमता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपित ने अपने आफिस में छुट्टी के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवस छुट्टी मंजूर नहीं हुई और इससे वह आक्रोशित होकर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित कर्मचारी का नाम अमित कुमार सरकार है। घटना न्यू टाउन टेक्निकल एजुकेशन बिल्डिंग के पास गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुई। आरोपित छुट्टी ना मिलने पर नाराज होकर आफिस से बाहर निकला। इतने में सामने से आ रहे उसके तीन सहकर्मियों ने उससे गुस्से का कारण पूछ लिया। इससे वह और भड़क गया। आरोपित ने गुस्से में तीनों ही सहकर्मियों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए। इसके बाद आरोपित चाकू हाथ में लिए रोड पर घूमते नजर आया। सूचना मिलने पर घटना स्थल के निकट ही ड्यूटी दे रहे ट्रैफिक पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। इस दौरान आरोपित को चाकू फेंकने को कहा गया। बावजूद इसके वह कुछ देर तक चाकू हाथ में लिए रहा, बाद में फेंका। इसके बाद टेक्नो सिटी थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर, हमले में घायल तीनों सकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दो की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस की पूछताछ में अमित ने बताया कि उसने छुट्टी के लिए आवेदन किया था, लेकिन वहां से उसके और उसके पिता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस बात से वह गुस्से में आकर हमला किया है।



# गार्डनरीच में सरस्वती पूजा के विसर्जन को लेकर दो गुटों में हिंसा

**पुलिस अधिकारी और महिला सिविक वॉलंटियर की पिटाई, दो गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डनरीच थाना इलाके के बांधा बड़तल्ला में सरस्वती पूजा के विसर्जन को लेकर दो पूजा कमेटियों के लोगों के बीच हिंसा की घटना घटी। इस दौरान जब स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस बल पहुंची तो पुलिस पर ही हमले की घटना घटी। बुधवार की रात घटी उक्त घटना में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर अरुण माइती और एक महिला सिविक वॉलंटियर घायल हो गए। बुधवार की रात हुई इस घटना में पुलिस ने मटियाब्रुज के शिवनगर यंग स्टार क्लब के आदित्य पासवान और सैकत माइती सहित तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया कर लिया है। पुलिस व स्थानीय लोगों से मिला जानकारी के अनुसार, गार्डनरीच थाना इलाके के बांधा बड़तल्ला से होकर सरस्वती प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा गुजर रही थी। शिवनगर यंग स्टार क्लब के सदस्यों की विसर्जन शोभायात्रा के समय एक अन्य क्लब के साथ बहस हो गई। बात इतना बढ़ गई की बीच सड़क पर दोनों ओर से लोग मरने मारने पर उतर गए। जमकर मारपीट की घटना घटी और लोगों में दहशत फैल गया। भगदड़ मच गई और जब पुलिस आई तो आरोप है कि शिवनगर यंग स्टार क्लब के सदस्यों ने पुलिस पर ही हमला बोला और सब-इंस्पेक्टर अरुण माइती और एक महिला सिविक वॉलंटियर को जमकर पीटा। जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनके खिलाफ पुलिस पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। उन्हें बुधवार की रात विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को अदालत में पेश किया।



### बंगाल में बांग्लादेशी जेहादी नेटवर्क की गहराई मापने के लिए एसटीएफ ने बढ़ाई सक्रियता

**मुर्शिदाबाद :** बंगाल में बांग्लादेशी जेहादी समूहों के नेटवर्क की गहराई कितनी है? कहां-कहां स्लिपर सेल्स बन चुकी हैं? इन गुप्त जानकारियों को प्राप्त करने के लिए बंगाल एसटीएफ ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। असम एटीएस द्वारा मुर्शीदाबाद और असम के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार अनसारुल्ला बांग्ला टीम के सदस्यों को अब एसटीएफ अपनी हिरासत में ले रही है। चार जेहादियों को बहरमपुर कोर्ट में पेश किया गया और एसटीएफ ने उन्हें 14 दिनों के लिए अपनी हिरासत में लेने की अनुमति मांगी, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकृत कर दिया। इससे पहले, बंगाल से गिरफ्तार बांग्लादेशी आतंकवादियों को इन आतंकवादियों से आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करने की योजना है। असम एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में हरीहरपाड़ा के मणिरुल शेख, अब्बास अली, असम से नूर इस्लाम और साब शेख उर्फ साद राबी शामिल हैं।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत बंगाल के 10 दिवसीय दौरे पर पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत पश्चिम बंगाल की 10 दिवसीय यात्रा पर गुरुवार की शाम को कोलकाता पहुंचे। राज्य में वह संगठन के ढांचे का आकलन करेंगे और इसके भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए संघ के नेताओं से बातचीत करेंगे। संघ के वरिष्ठ नेता जिष्णु बसु के अनुसार, भागवत केरल से बंगाल आए हैं। बसु ने कहा कि भागवत आज से 10 फरवरी तक दक्षिण बंगा क्षेत्र में संघ के पदाधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे, जिसमें पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वह बांकुड़ा, पुरुलिया, बीरभूम, पूर्व व पश्चिम बर्दवान तथा नदिया जिलों को कवर करते हुए 13 फरवरी को मध्य बंग क्षेत्र में जाएंगे। भागवत 11 और 12 फरवरी को विचार-विमर्श के सत्र में शामिल होंगे और 14 फरवरी को मध्य बंग क्षेत्र में संघ के नये कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि भागवत 16 फरवरी को बर्धमान स्थित एसएआई परिसर में संघ के पदाधिकारियों के सम्मेलन में भी शामिल होंगे।



# सीएम हेमंत सोरेन ने कालीघाट मंदिर में पत्नी के साथ टेका मत्था, मंदिर में की पूजा-अर्चना

**कोलकाता, समाज्ञा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की और माता के आगे मत्था टेका। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने कालीघाट मंदिर जाकर मां काली की पूजा अर्चना के बाद लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान, कल्पना सोरेन ने कहा कि मैंने झारखंड, पश्चिम बंगाल, देश और दुनिया के लोगों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर, हेमंत सोरेन ने कहा कहा कि देश-विदेश से कई लोग झारखंड में निवेश करते हैं। झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई समानताएं हैं। हम सभी मिलकर काम करना चाहते हैं और राज्य और देश को मजबूत बनाना चाहते हैं। मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी को प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ भी देखी गई। हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की एक झलक पाने के लिए लोग उतावले भी दिखे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत विश्वास भी मंदिर में दिखे।



# सोनारपुर में नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म, अधेड़ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में 52 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने अपने मोबाइल फोन में नाबालिग पीड़िता की कुछ निजी तस्वीरें खींची, जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी व्यक्ति को गुरुवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। उस पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं। पीड़िता के दादा-दादी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उनके अनुसार, कुछ समय पहले आरोपी ने पीड़िता को अपने मोबाइल फोन पर कुछ खास फीचर दिखाने के लिए अपने घर बुलाया था। नाबालिग जब उसके घर गई तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद अपने मोबाइल फोन से कुछ अश्लील तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद, आरोपी ने उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दो बार और दुष्कर्म किया। शुरू में, सदमे में आई पीड़ित नाबालिग ने किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन, आखिरकार, बुधवार की रात उसने अपनी दादी को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। परिवार के सदस्यों ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला पुलिस के सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

# नैहाटी में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, 10 दिन की पुलिस हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नैहाटी में तृणमूल कार्यकर्ता की नृशंस हत्या के छह दिन बाद दूसरे आरोपी को दूसरे राज्य से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त का नाम रंजीत साव है। गुरुवार को आरोपी को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस दिन, बैरकपुर कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर अजय ठाकुर ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम एफआईआर में था। उसे दूसरे राज्य से गिरफ्तार किया गया है। जांच के हित में, इससे अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि गत 31 जनवरी को छह बदमाशों ने बाइक सवार तृणमूल कार्यकर्ता संतोष यादव पर उस समय हमला किया जब वह नैहाटी के गौरीपुर इलाके में टोटो से कही जा रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में एक बाइक पर तीन लोग सवार दिखाई दिए। मुख्य आरोपी राजेश साव बीच में बैठा था, जबकि गिरफ्तार रंजीत साव उसके बगल में बैठा था। उन्होंने संतोष को टोटो से उतार सड़क पर फेंक दिया, फिर ईंटों से कुचल दिया, गोली मार दी और फिर भाग गए। पुलिस ने इस घटना में पहले अक्षय गण नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। इस बार, रंजीत साव को गिरफ्तार किया है। हालांकि, कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन मुख्य आरोपी राजेश सहित बाकी लोग अभी भी फरार हैं। पुलिस सक्रियता से उनकी तलाश कर रही है।



# तृणमूल विधायक और नेत्री के बीच बयानबाजी, विवाद गहराया

**हुगली, समाज्ञा**

अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये विवादों के घेरे में रहने वाले तृणमूल विधायक मनोरंजन व्यापारी का एक पोस्ट फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पोस्ट को लेकर तृणमूल नेत्री रूना खातून ने विधायक पर तीखा प्रहार किया है। दोनों के बीच लंबे समय से ही खींचतान चल रही है। उल्लेखनीय है कि आसनसोल के तृणमूल सांसद शत्रुधन सिन्हा द्वारा देश में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध की टिप्पणी के बाद बालागढ़ के तृणमूल विधायक मनोरंजन व्यापारी ने फेसबुक पर इस संबंध में अपने पोस्ट के जरिये कड़ी आलोचना की। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि बिहारी उग्र हिन्दू है जो लोगों के भोजन पर प्रतिबन्ध लगाना चाहते हैं। पूरे देश में आमिष भोजन पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे है। उन्होंने तृणमूल की एक स्थानीय नेत्री पर इस बयान का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह काफिर है। बलागढ़ के विधायक के पोस्ट का पलटवार करते हुए तृणमूल नेत्री रूना खातून ने कहा कि विधायक पार्टी के सांसदों की आलोचना कर रहे हैं, जो अनुचित है। उन्होंने मनोरंजन पर महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता उनकी विदाई का इंतजार कर रहे हैं। मनोरंजन ने कहा कि बंगाली संस्कृति और खान-पान पर हमले हो रहे हैं और वे इसका विरोध करते रहेंगे।

# दत्तपुकुर से बरामद सिर कटा शव कुख्यात अपराधी हजरत लश्कर का

**त्रिकोण प्रेम में हत्या की आशंका, मृतक का भाई और पत्नी गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा**

दत्तपुकुर से बरामद सिर कटा शव कुख्यात अपराधी हजरत लश्कर का है। हालांकि, वह बहुत पहले ही अपराध की दुनिया से दूर हो चुका था। उसने हुगली जिले उत्तरपाड़ा थाने के एक अधिकारी की मदद से ईमानदारी से जीवन जीना शुरू कर दिया था। उसके बाद भी यह हुआ। इस घटना के पीछे त्रिकोण प्रेम का मामला सामने आ रहा है। पुलिस ने हत्या में संलिप्तता के संदेह में मृतक के भाई ओबैदुल्ला गाजी और उसकी पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि हजरत लश्कर गायघाटा के अंगुलटाका गांव का निवासी है। वह मूलतः चोरी और डकैती करता था। उसका साथी उसका भाई, गिरफ्तार ओबैदुल्ला गाजी था। उनके खिलाफ कई पुलिस थानों में लिखित शिकायतें दर्ज है। हजरत को मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उत्तरपाड़ा थाने के एक अधिकारी की मदद से हजरत अपराध की दुनिया से दूर हो गया। इतनी ही नहीं, हजरत ने गिरोह के कई सदस्यों को पुलिस के हवाले भी कराया था। लेकिन क्या यह हत्या गुस्से में की गई थी? जांचकर्ता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या पर्दे के पीछे कोई मामला चल रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ से उन्हें रहस्य की जड़ तक पहुंचने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि गत सोमवार को उत्तर 24 परगना के दत्तपुकुर के छोटो मालियाकुर और जगुलिया के बाजितपुर के बीच खेत में एक युवक का सिर कटा नग्न शव मिला था। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन दो दिन तक कटा हुआ सिर बरामद नहीं कर सकी। अंततः लापता व्यक्ति की डायरी से मिले सुरागों के आधार पर मृतक की पहचान उसके हाथ पर बने टैटू से पता चली।

# बंगाल में हवाई अड्डों के विकास में राज्य सरकार का सहयोग नहीं : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार की असहयोग नीति के कारण बंगाल में हवाई अड्डों के विकास में बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने इस संबंध में कई उदाहरण प्रस्तुत किए। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग की कमी के कारण पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े हवाई अड्डे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार में अड़चनें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार का नागरिक उड्डयन मंत्रालय लंबे समय से इस हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग कर रहा है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार ने हवाई अड्डे के द्वितीयक रनवे (19-आर) पर स्थित मस्जिद के पुनर्वास और मजार के पास परिचालन सीमा दीवार के निर्माण में सहायता मांगी थी, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्रियों द्वारा कोलकाता के पास दूसरा हवाई अड्डा बनाने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कई पत्र भेजे गए, लेकिन इस पर भी कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। विपक्ष के नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने दक्षिण कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित बेहाला हवाई अड्डे के लिए सहायता मांगी थी, जिसमें हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) की भूमि से होकर गुजरने वाली सड़क के मोड़ने का अनुरोध किया गया था। लेकिन इस पर भी राज्य सरकार ने कोई सहयोग नहीं किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सभी हवाई अड्डों के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की समस्याएं हैं, लेकिन राज्य सरकार ने इन्हें सुलझाने की कोई सकारात्मक मंशा नहीं दिखाई है। शुभेंदु अधिकारी ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार को इन सभी भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना चाहिए, ताकि पश्चिम बंगाल को बेहतर हवाई संपर्क मिल सके। उन्होंने कहा कि यह राज्य में निवेश की गंभीर स्थिति को सुधारने में मदद करेगा और औद्योगीकरण के अवसरों को बढ़ाएगा।

# सेडा के तीन दिवसीय व्यापार मेला का 13 जनवरी से होगा भव्य आगाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों का सबसे बड़ा संगठन सेडा (कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन) 13, 14 और 15 फरवरी को ईजरा स्ट्रीट स्थित कच्छी जैन भवन में तीन दिवसीय व्यापार मेले का आयोजन करेगा। बता दें कि पिछले वर्षों में सेडा ने नेताजी इंडोर स्टेडियम, आइस स्केटिंग रिंग, कच्छी जैन भवन, साइंस सिटी आदि स्थानों पर सफलतापूर्वक व्यापार मेले आयोजित किए हैं। व्यापार मेले का स्वर्ण प्रायोजक एलईडी फिटिंग निर्माता 'लाइट्स' है, और रजत प्रायोजक अग्रणी अर्थिंग और लाइटनिंग प्रोटेक्शन कंपनी 'ट्रू पावर' है। रेडियो प्रायोजक फ्रेंड्स एफएम 91.9 है। गुरुवार को कलकत्ता प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था ने बताया कि एक छत के नीचे इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य संबंधित उत्पादों के अवलोकन, जानकारी और खरीद का एक माध्यम, नए शोध से परिचित होने का अवसर है। सीडा का उद्देश्य सभी सरकारी विभागों के साथ-साथ भवन निर्माण एजेंसियों और अन्य आगंतुकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। मेले में भारत की कई अग्रणी कंपनियां और प्रदर्शक शामिल होंगे और कुल 46 सटॉल लगाए जाएंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के मंत्री, विधायक और सरकारी अधिकारी अन्य सामाजिक कार्यकर्ता अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीडा के अध्यक्ष आलोक सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव अभिषेक वर्मा, संयुक्त सचिव आदित्य विक्रम मोहनका, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, व्यापार मेला समिति के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव, संयुक्त चेयरमैन हरि प्रपन्ना थरड, संजय सिंघी, अविनाश वर्मा, हरेंद्र कुमार मिश्रा, अशोक बंका, जिनेश रामपुरीया, दिलीप मारोडीया, गोपाल दे, नवल किशोर सिंह, महेश दत्तानी, प्रीतम राय, मीडिया सेल के चेयरमैन अरविंद तिवारी बाबा और अन्य मौजूद थे।




### रैपिडो ने बंगाल में 150 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑनलाइन मंच के जरिये यात्रा सेवा देने वाली कंपनी रैपिडो ने पश्चिम बंगाल में गतिशीलता और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रैपिडो ने कहा कि उसने हाल ही में राज्य के परिवहन विभाग के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत वह गुलाबी रंग के दोपहिया और चार पहिया वाहनों का बेड़ा तैयार करेगी, जिसे महिला ड्राइवर चलाएंगी। कंपनी ने कहा कि इस पहल से महिलाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय विकल्प मिलेगा। इस समय बंगाल में एक लाख लोग प्रतिदिन रैपिडो से बुकिंग के जरिये यात्रा करते हैं। रैपिडो ने कहा कि इस साझेदारी के तहत रैपिडो इलेक्ट्रिक गतिशीलता, महिलाओं की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा जागरूकता पर केंद्रित प्रमुख पहलों के लिए 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके तहत 130 करोड़ रुपये शहरी इलेक्ट्रिक गतिशीलता के विकास में खर्च किए जाएंगे।

# अंडरपास की मांग पर दमदम कैंट स्टेशन पर रेल अवरोध



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंडरपास की मांग पर गुरुवार की सुबह उत्तर 24 परगना जिले के दमदम कैंट स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने रेल अवरोध कर दिया। इस घटना के कारण बनगांव शाखा पर अप और डाउन ट्रेन सेवाएं लगभग एक घंटे तक स्थगित रहीं। स्थानीय निवासी लंबे समय से एक लेवल क्रॉसिंग पर अंडरपास की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। नतीजतन, उन्होंने सुबह 11.10 बजे दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन पर अवरोध शुरू किया। इससे कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रुक गईं और 12 ट्रेनें देरी से चलीं। रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और अंडरपास निर्माण का आश्वासन देने के बाद सुबह 11.50 बजे अवरोध हटा ली गई। हालांकि, कोई ट्रेन रद्द नहीं की गई, लेकिन सेवाएं प्रभावित हुईं और कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

# लव यू ज़िंदगी ट्रस्ट के चौथे वार्षिक समारोह में रंगारंग डांस प्रतियोगिता

**हावड़ा :** लव यू ज़िंदगी ट्रस्ट ने अपने चौथे वार्षिक समारोह के अवसर पर एक भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसने उत्साह, ऊर्जा और मनोरंजन का शानदार संगम प्रस्तुत किया। 80 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

डांस प्रतियोगिता को जज करने के लिए जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें डीआईडी मॉम्स 2013 की विजेता मिथु चौधरी, डालिया पाल और प्रिथा चक्रवर्ती शामिल थीं। प्रतियोगिता के विजेताओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के समर्पित सदस्यों को भी सम्मानित किया गया ख

कार्यक्रम में समाजसेवी और उद्योगपति प्रदीप महनोत सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर महनोत ने कहा, लव यू ज़िंदगी संगठन समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। उन्होंने संस्था की संस्थापिका मनीषा शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। लव यू ज़िंदगी ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट ने इस शानदार आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और दर्शकों का दिल से आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट की संस्थापिका मनीषा शर्मा ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।




# सियालदह डिवीजन के बेसुलडांगा स्टेशन पर होगा एफओबी का निर्माण, ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के बेसुलडांगा स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज गर्डर का निर्माण किया जाएगा। यह कार्य 08 फरवरी को रात 10:15 बजे से 09 फरवरी को सुबह 08:00 बजे तक चलेगा।

इस दौरान ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत, 08 फरवरी को कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। सियालदह से डायमंड हार्बर जाने वाली ट्रेने, जिसमें डाऊन 34860, 34856/अप-34857 शामिल है। 09 फरवरी को रद्द होने वाली ट्रेनों में डायमंड हार्बर से सियालदह जाने वाली ट्रेनों में अप 34812, 34815, 34817, 34823/डाउन-34812, 34818, 34820, सोनारपुर से डायमंड हार्बर जाने वाली ट्रेन डाउन-34882, डायमंड हार्बर से बारुईपुर जाने वाली ट्रेनों में अप-34891 शामिल है। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन भी किया जाएगा। वहीं, 34854/34859 (सियालदह-डायमंड हार्बर-सियालदह लोकल) 08 फरवरी को मगरी हाट पर शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। 34858 (सियालदह-डायमंड हार्बर लोकल) 08 फरवरी को बारुईपुर पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और 34811 (डायमंड हार्बर-सियालदह लोकल) 09 फरवरी को बारुईपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। 34814/34819 (सियालदह-डायमंड हार्बर-सियालदह लोकल) 09 फरवरी 2025 को मागरा हाट पर शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

**Name Change**

I, Chandra Mahto (Old Name) son of Late Asharfi Yadav, residing at GRAM KATHAUN,POST-KATORIYA,DIST-BANKA,BIHAR-813106., INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Ramchandra Yadav (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 06/02/2025. Ramchandra Yadav (New Name) and Chandra Mahto (Old Name) both are same and identical person.

## न्यूज इन ब्रीफ

### वाराणसी में बस से टकरायी कार; दो लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**वाराणसी (उप्र) :** महाकुंभ से लौट रही एक तेज रफ्तार कार बृहस्पतिवार सुबह यहां राजा तालाब क्षेत्र में वीरभानपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक बस से जा टकरायी। इस घटना में, दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के बेगूसराय स्थित बछवाड़ा निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वाराणसी में दर्शन पूजन करने के लिये आ रहे थे। उसने बताया कि सुबह वार-णसी में राजा तालाब के वीरभानपुर में उनकी कार सड़क किनारे खड़ी एक बस से टकरा गयी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में कार सवार देवेंद्र प्रताप सिंह(90) और उनके दामाद अमरेंद्र सिंह(62) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। वर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में मारे गये लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### वाराणसी में उमड़े श्रद्धालु, शहरी क्षेत्रों में आठवीं तक के स्कूल आठ फरवरी तक बंद

**वाराणसी (उप्र) :** महाकुंभ में अमृत स्नान के बाद वाराणसी में तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहरी क्षेत्रों में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को आठ फरवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वाराणसी के शहरी क्षेत्रों में आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी, शासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड से संबद्ध अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के स्कूल आठ फरवरी तक बंद रहेंगे। इस दौरान सिर्फ ऑनलाइन कक्षाएं ही संचालित होंगी। पाठक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल खुले रहेंगे। इस दौरान सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में डीबीटी प्रोसेसिंग, आधार सीडिंग और स्कूल की मरम्मत, रंग-रोगन इत्यादि जैसे कार्य जारी रहेंगे। शिक्षकों और कर्मचारियों को इन गतिविधियों की निगरानी के लिए स्कूलों में उप-स्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### अमेठी जिले में सड़क हादसे में तीन किशोरों की मौत

**अमेठी (उप्र) :** अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में तोता नगर के पास बृहस्पतिवार को एक क्रेन और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने से तीन किशोरों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शिवरतनगंज के थाना प्रभारी (एसएचओ) सच्चिदानंद राय ने बताया कि मृतकों की पहचान कमलेश (16), सूरज (12) और सर्वेश (12) के रूप में हुई है, जो रुकुनपुर शिवरतनगंज के निवासी हैं। उन्होंने कहा, ''शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। क्रेन को जब्त कर लिया गया है और कानूनी कार्यवाही चल रही है।'' पुलिस के मुताबिक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरतनगंज में भर्ती कराया गया है।

### लखनऊ में 11 वर्षीय एक लड़की से सामूहिक बलात्कार के आरोप में तीन नाबालिग हिरासत में

**लखनऊ :** लखनऊ में बीबीडी थानाक्षेत्र के चिनहट इलाके में 11 वर्षीय एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी (एसएचओ) अजय नारायण सिंह ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि नौ, 10 और 11 साल के तीनों आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस की शिकायत के अनुसार, तीनों लड़के जनवरी में खेलने के बहाने लड़की को उसके घर से बहला-फुसलाकर ले गए। इसके बाद उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

# यूपी : आबकारी नीति को मंत्रिमंडल की मंजूरी, ई-लॉटरी से शराब दुकानों का व्यवस्थापन होगा



**लखनऊ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। नयी नीति के तहत अब राज्य में शराब की सभी दुकानों के व्यवस्थापन का काम ई-लॉटरी के जरिये किया जाएगा। प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार शाम हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस निर्णय की जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति को अनुमोदित कर दिया है। इस नीति में सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया है कि इस वर्ष ई-लॉटरी के माध्यम से प्रदेश की सभी देसी मदिरा की दुकानों, कंपोजिट दुकानों, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकानों के व्यवस्थापन का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉटरी व्यवस्था में एक आवेदक को सिर्फ एक ही बार आवेदन करने का मौका मिलेगा और प्रदेश में एक आवेदक को दो से ज्यादा दुकानें आवंटित नहीं की जाएंगी। अग्रवाल ने बताया कि लॉटरी प्रणाली लागू की जा रही है इसलिए प्रोसेसिंग शुल्क को भी पांच श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और कानपुर के नगर निगम क्षेत्र और उनके तीन किलोमीटर की परिधि का क्षेत्र शामिल होगा। प्रोसे-सिंग शुल्क के तौर पर देसी मदिरा की दुकान के लिए 65 हजार रुपये, कंपोजिट दुकान के लिये 90 हजार रुपये, मॉडल शॉप्स के लिए एक लाख रुपये तथा भांग की दुकान के लिए 25 हजार रुपये की राशि तय की गई है। उन्होंने बताया कि दूसरी श्रेणी में पहली श्रेणी में शामिल महानगरों को छोड़कर बाकी जो बड़े शहर बचते हैं उनमें और उनकी तीन किलोमीटर की परिधि में मदिरा की दुकानों (देसी मदिरा, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान) के लिए क्रमशः 60 हजार रुपये, 85 हजार रुपये, 90 हजार रुपये और 25 हजार रुपये प्रोसेसिंग शुल्क तय किया गया है।

### बिहार: मद्यनिषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग के प्रधान लिपिक सहित दो कर्मी निलंबित

**पटना :** बिहार के भोजपुर जिले में उत्पाद कार्यालय में तैनात प्रधान लिपिक और निबंधन कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक को कार्य में अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरा स्थित सहायक आयुक्त मद्यनिषेध और आरा स्थित जिला अवर निबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, आयुक्त रजनीश कुमार सिंह द्वारा भोजपुर जिले के मद्यनिषेध कार्यालय और जिला निबंधन कार्यालय में किये गये औचक निरीक्षण में पायी गयी गंभीर अनियमितताओं के कारण प्रधान लिपिक राम स्वार्थ प्रसाद व निम्नवर्गीय लिपिक अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

## अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा पर धांधली का आरोप लगाया



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यहां पार्टी द्वारा जारी एक बयान में कहा,''मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के इशारे पर बड़े पैमाने पर धांधली, बेईमानी हुई। समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग से धांधली, फर्जी मतदान, मतदान केंद्र एजेंटों को धमकी देने, उन्हें मतदान केंद्रों से भगा देने की करीब 500 शिकायतें कीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।'' यादव ने कहा कि आयोग को जो काम करना चाहिए, वो वह नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जाति के आधार पर अधिकारी कर्मचारी और 'बीएलओ (मतदान केंद्र स्तरीय निर्वाचन अधिकारी) तैनात किये। उन्होंने आरोप लगाया,''अयोध्या के सहायक पुलिस अधीक्षक को भाजपा के लोग लखनऊ से निर्देश दे रहे थे। भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। मैंने अपनी कई प्रेसवार्ता में कहा था कि मीडिया मिल्कीपुर में जाकर देखे कि यहां किस तरह से चुनाव हो रहा है।'' सपा नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष और भयमुक्त होना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन के जरिए खुलेआम धांधली की है। उन्होंने कहा, ''फर्जी वोट डलवाए। मतदात-ाओं को वोट डालने से रोकने के लिए धमकाया गया।''

## दहेज हत्या के मामले में युवक और उसके माता-पिता को मौत की सजा

**बरेली (उप्र) :** दहेज हत्या के एक मामले में एक स्थानीय अदालत ने पति, सास और ससुर को मौत की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत प्रथम) रवि कुमार दिवाकर ने अपने फैसले में दहेज प्रथा की निंदा करते हुए सख्त टिप्पणियां कीं और समाज को चेतावनी दी कि यदि इस कुप्रथा को नहीं रोका गया, तो आने वाली पीढ़ियां भी इसका दंश झेलेंगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दिगंबर सिंह ने बताया कि एक मई 2024 को फराह (19) की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। सिंह ने बताया कि शादी के एक साल बाद ही महज बुलेट मोटर साइकिल के लिए फराह की हत्या कर दी गई। शासकीय अधिवक्ता के अनुसाार अभियुक्तों ने एक महिला की मात्र दहेज के लालच में साजिशन हत्या की । इस मामले में अभियुक्त 25 वर्षीय मकसद अली फराह का पति है, साबिर अली उसके ससुर हैं और मसीतन उर्फ हमशीरन उसकी सास हैं। अदालत ने इस मामले में पति मकसद अली, ससुर साबिर अली (60) और सास मसीतन उर्फ हमशीरन (55) को फांसी की सजा सुनाई। तीनों के खिलाफ नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आज भी समाज में बेटियों को बोझ समझा जाता है। अदालत ने कहा कि उनकी शादी को माता-पिता के लिए जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मान लिया जाता है, जिससे दहेज जैसी प्रथाएं जन्म लेती हैं।

## झारखंड को 26,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से आधे इस्पात क्षेत्र से मिले

**रांची :** कोलकाता में बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के दौरान झारखंड सरकार को मिले 26,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से करीब 50 प्रतिशत इस्पात क्षेत्र से संबंधित हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर बीजीबीएस के आठवें संस्करण में शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा, '' झारखंड सरकार को बीजीबीएस के तहत आयोजित 'एडवांटेज झारखंड' कार्यक्रम के दौरान 26,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले जिनसे 15,000 नौकरियां सृजित होने की संभावना है। इनमें से करीब आधे प्रस्ताव इस्पात क्षेत्र से संबंधित हैं।'' उन्होंने बताया कि इनमें सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और वोल्टोक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड जैसे समूहों के विभिन्न प्रस्ताव शामिल है। इन्होंने राज्य में 3,000 करोड़ रुपये और 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में रुचि दिखाई है। अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम मेटल्स एंड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने इस्पात संयंत्र स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की है, जबकि वोल्टोक्स ने राज्य में विशेष इस्पात विनिर्माण में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि यदि ये दोनों परियोजनाएं वास्तविक रूप लेती हैं, तो इससे 3,500 नौकरियों का सृजन होगा। इसके अलावा, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1,100 करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की जिससे 1,500 नौकरियां उत्पन्न होंगी। रश्मि मेटालिक्स लिमिटेड ने 3,800 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है, जिससे 3,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड 2,800 करोड़ रुपये की लागत से बिजली उत्पादन परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है, जिससे 1,600 नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बनर्जी को 'भव्य तरीके से' बीजीबीएस का आयोजन करने के लिए बधाई दी थी और उन्हें 'आमंत्रित करने' के लिए शुक्रिया अदा किया था।

## न्यूज अपडेट

### महाकुंभ बैठक में कई फैसले लेगा उत्तर प्रदेश का पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग आगामी आठ फरवरी को प्रयागराज महाकुम्भ में एक अहम बैठक करेगा और इसमें प्रदेश में पशुधन, डेयरी उद्योग और गोशालाओं के विकास पर कुछ महत्व-पूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। सरकार के एक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग आगामी आठ फरवरी को महाकुंभ नगर में एक बैठक करेगा। इस बैठक में डेयरी नीति 2022 में बदलाव, पशु अस्पतालों के 24 घंटे संचालन और दुग्ध संघों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। इससे पहले, गत 22 जनवरी को प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में राज्य मंत्रिमंडल की भी बैठक हुई थी।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री संगम में डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ पहुंचे

**महाकुंभ नगर :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ संगम में डुबकी लगाने बृहस्पतिवार को महाकुंभ मेलाक्षेत्र पहुंचे। सिंह ने अपने आगमन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इस आयोजन को ऐतिहासिक और दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर करार दिया। मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और विधायकों के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान करेंगे। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि महाकुंभ केवल एक मेला नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का महान संगम है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा पूरे देश को जोड़ने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेले में अपने भाजपा के साथी और लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद से भी मुलाकात की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मंत्रिमंडल के सहयोगियों और विधायकों के साथ हम हमारे लोगों और इस देश के लिए प्रार्थना करने आए हैं। यह संगम हमारी सामूहिक भावना को मजबूत करते हुए एक बेहतर भविष्य की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है।

### महाकुंभ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सपरिवार किया संगम स्नान

**महाकुंभ नगर :** प्रयागराज में महाकुंभ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को सपरिवार संगम में डुबकी लगाई और अपने राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। हरियाणा सरकार की विज्ञप्ति के मुताबिक, सैनी ने महाकुंभ का विरोध करने वालों और इसके खिलाफ नकारात्मकता फैलाने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रायोजित एजेंडे के तहत किये जा रहे इस प्रकार के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। सैनी के सपरिवार महाकुंभ आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उन्हें कुंभ कलश भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। सैनी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाकुंभ केवल आस्था का संगम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है और गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा। सैनी ने कहा कि यह सनातन का वह केन्द्र है जहां पीढ़ियों से लोग मां गंगा की त्रिवेणी में आकर डुबकी लगाते रहे हैं।

### सादगीपूर्ण वन जीवन का अनुभव करने के लिए संतों को वनांचल में जाना चाहिए: अवधेशानंद

**महाकुंभ नगर :** जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने बृहस्पतिवार को कहा कि जैसे सभी जनजाति बंधु अपनी परंपरा और संस्कृति लेकर सहज भाव से महाकुंभ में आए हैं वैसी ही निर्मलता और सादगीपूर्ण वन जीवन का अनुभव करने के लिए सभी संतों को बार-बार वनांचल में जाना होगा। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा यहां आयोजित युवा कुंभ को संबोधित करते हुए स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि जनजाति समाज के साथ समरसता के बिना सनातन संस्कृति का यह महाकुंभ पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा, हम सभी संतों को बार-बार वनांचल में जाकर वनवासियों के साथ घुलना-मिलना होगा और साथ-साथ भोजन करना होगा क्योंकि हम एक ही सनातन परंपरा के अभिन्न घटक है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री दुर्गादास ऊईके ने कहा, पर्दे के पीछे से कार्यरत असामाजिक शक्तियां जनजाति समाज को बहला-फुसलाकर सभी मायने में बदलने का प्रयास कर रही हैं।

## राजस्थान: मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में पुलिस ने 1393 तस्करों को किया गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में 1393 तस्करों को गिरफ्तार किया और 54.64 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन जनवरी से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया, जिसमें पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण, विक्रय और संलिप्त अपराधियों पर लगाम कसते हुए 1210 मुकदमे दर्ज किये तथा 122 इनामी सहित 1393 तस्करों को गिरफ्तार किया। साहू ने बताया कि पुलिस ने 54.64 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ भी जब्त किये। अधिकारी ने मीडिया को बताया कि इस दौरान पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति की जब्ती के लिए 23 तस्करों के खिलाफ स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धारा 68 एफ के तहत कार्रवाई की। साहू ने बताया कि अभियान में 40.42 किलोग्राम (किलो) अफीम, 12.91 किलो अफीम का दूध, 2.405 किलो एमडी ड्रग, 3262.417 किलो गांजा, 180.68 किलो गांजे के पौधे, 2.32 किलो चरस, 12378.69 किलो डोडा पोस्त, 547.401 किलो डोडा पोस्त/अफीम के पौधे, 2.111 किलो 'ब्राउन शुगर', 4.63 किलो स्मैक, 73.613 किलो अन्य साईकोट्राफिक पदार्थ और 694 ग्राम हेरोइन सहित कुल 16489.52 किलो मादक पदार्थ जब्त किए गए।



## भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमेरिका से वापस भेजा जाना अमानवीय : मायावती

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमेरिका से वापस भेजे जाने को अमानवीय बताते हुए कहा है कि सरकार मामले को पूरी गंभीरता से ले। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इसे अमानवीय बताते हुए केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे हैं। बसपा नेता ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर लिखा,''महिलाओं एवं बच्चों सहित गुजरात, पंजाब एवं हरियाणा आदि राज्यों के 104 भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमानवीय तरीके से अमेरिका द्वारा सैन्य विमान से वापस भेजने का मामला अति-दुखद तथा देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला है।'' मायावती ने कहा,''कैदियों से भी बदतर हालात में वापस लौटाए गए भारतीयों के सम्बंध में केंद्र सरकार का आज संसद में दिया गया बयान घटना की गंभीरता एवं उससे भारतीयों को पहुंचने वाले दुख एवं शर्मिंदगी को देखते हुए लीपापोती करने वाला ज्यादा एवं संतोषजनक कम है। सरकार मामले को पूरी गंभीरता से ले।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका को पुनः महान बनाने की नीति के तहत अवैध रूप से रहने वाले अन्य भारतीयों के भी वापस भारत भेजे जाने की चर्चा जोरों पर है, जिसको लेकर भारत सरकार को सतर्क होना जरूरी है, ताकि अन्य भारतीय परिवारों को ऐसी पीड़ा एवं देश को ऐसा अनादर का सामना अब आगे न करना पड़े।

## महाकुंभ में पहली बार किया जाएगा 'विश्व हिंदू आर्थिक मंच' का आयोजन

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में देश और राज्य की विकास संभावनाओं पर चर्चा के लिए पहली बार विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। विश्व हिंदू आर्थिक मंच की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आठ फरवरी को यह आर्थिक सम्मेलन गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम पर आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 14 दिसंबर को मुंबई में आयोजित विश्व हिंदू आर्थिक मंच में कहा था, '' महाकुंभ अर्थव्यवस्था पर चर्चा करने के लिए आदर्श मंच है, क्योंकि विकास और विरासत एक साथ चलते हैं।'' इस कार्यक्रम के दौरान ही मुख्यमंत्री ने महाकुंभ 2025 में डब्ल्यूएचईएफ सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था और मंच को महाकुंभ के दौरान एक आर्थिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया था। विज्ञप्ति में कहा गया, सम्मेलन के एजेंडे में उत्तर प्रदेश और भारत के भविष्य को आकार देने के उद्देश्य से कई चर्चाएं और सत्र शामिल हैं। इसमें उत्तर प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

## जयपुर के पास भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत, छह अन्य घायल: राजस्थान पुलिस

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के पास दूदू कस्बे में बृहस्पतिवार को एक रोडवेज बस ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने कहा कि एक टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और कार से जा टकराई। उन्होंने बताया कि कार में सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर मोखमपुरा में हुआ। पुलिस के अनुसार जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी और सामने से



एक कार आ रही थी। टायर फटने के कारण बस 'डिवाइडर' पार कर कार से टकरा गई। खंडेलवाल ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनेश कुमार रेगर, उनके भाई सुरेश रेगर, बबलू मेवाड़ा, किशन लाल, रविकांत, उनके भाई बाबू, नारायण लाल और प्रमोद सुथार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ये सभी यात्री भीलवाड़ा के कोटडी कस्बे के निवासी थे और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेने जा रहे थे।

## पाकिस्तान से पहली बार महाकुंभ आए 50 लोग सनातन संस्कृति देखकर अभिभूत हुए

**महाकुंभनगर :** सोशल मीडिया पर महाकुंभ की दिव्यता के बारे में देख-सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हिंदू श्रद्धालु खुद को यहां आने से रोक न सके। बृहस्पतिवार को सिंध से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज पहुंचा। सेक्टर-9 में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में सिंध से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, हमने जब से महाकुंभ मेले के बारे में सुना है, तब से हमारी इच्छा थी कि हम यहां आएं। हम खुद को यहां आने से रोक नहीं सके। मखीजा ने कहा, पिछले वर्ष अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में



डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों-गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग प्रयागराज पहुंचे हैं, जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं। माखीजा ने कहा, यहां अजब आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है... यहां का अनुभव बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। कल हम गंगा में डुबकी लगाएंगे। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही है। सिंध प्रांत के गोटकी से आई 11वीं कक्षा की छात्रा सुरभि ने बताया कि वह पहली बार भारत आई है। उसने कहा, यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने-जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं, सिंध से आई प्रियंका ने कहा, मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है। हम पैदा ही वहां हुए और मुस्लिमों के बीच ही रहे। सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं है, जैसा कि मीडिया दिखाती है। लेकिन अपनी संस्कृति को जानने का मौका हमें यहां आकर मिल रहा है।

## अमेरिका से निर्वासित किये गये 104 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के निवासी भी शामिल

**मुजफ्फरनगर/पीलीभीत (उप्र) :** अमेरिका से निर्वासित किये गये 104 भारतीयों में उत्तर प्रदेश के तीन लोग शामिल हैं। इनमें से दो मुजफ्फरनगर का जबकि एक पीलीभीत जिले का रहने वाला है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताय कि अमेरिका से वापस भेजे गये लोगों में से रक्षित बालियान (19) रसूलपुर जाटन गांव का जबकि देविंदर सिंह (38) मारकपुर गांव रहने वाला है, यह दोनों गांव मुजफ्फरनगर जिले में आता है। उन्होंने बताया कि गुरप्रीत सिंह (24) पीलीभीत जिले का रहने वाला है । रक्षित के पिता एवं पूर्व सैनिक सुधीर बालियान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनका बेटा सात महीने पहले अमेरिका गया था और वहां एक निजी कंपनी में काम कर रहा था। उन्होंने कहा, ''रक्षित बी.टेक. की डिग्री हासिल करना चाहता है। इसीलिये उसके वापस आते ही हमने उसे फिर से पढ़ाई शुरू करने के लिये मेरठ भेज दिया है।'' बालियान ने बताया कि वह एक छोटे किसान हैं और उनके पास 20 बीघा कृषि भूमि है। अमेरिका से निर्वासित किये गये मुजफ्फरनगर के निवासी दूसरे व्यक्ति देविंदर सिंह के पिता कुलबीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा दो महीने पहले अमेरिका गया था। वहां पहुंचने के फौरन बाद उसे पकड़ लिया गया और हिरासत शिविर में रखा गया। कुलबीर सिंह ने खुलासा किया कि उनके परिवार ने देविंदर को विदेश भेजने के लिए एजेंटों को 40 लाख रुपये दिए थे। उन्होंने कहा, ''देविंदर अपने परिवार के लिए धन कमाने अमेरिका गया था, लेकिन अब हमारा सारा धन खत्म हो गया है।'' अधिकारियों ने अभी तक निर्वासन की परिस्थितियों और उत्तर प्रदेश से निर्वासित लोगों के परिवारों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। उधर, पीलीभीत के बंजरिया गांव निवासी गुरप्रीत सिंह राज्य का तीसरा युवक है जिसे अमेरिका से वापस भेजा गया है। उसकी मां जसविंदर कौर ने संवाददाताओं को बताया कि वह 22 दिन पहले इंग्लैंड से अमेरिका पहुंचा था। कौर ने कहा कि उनका छोटा बेटा करीब दो साल पहले इंग्लैंड गया था। उन्होंने कहा कि 22 दिन पहले उसने अपने परिवार को फोन पर बताया था कि वह अवैध रास्ते से अमेरिका पहुंच गया है। हालांकि, उसके बाद परिवार का उससे पूरा संपर्क टूट गया।

# आरएसएस का इरादा एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपने का है, इसे स्वीकार नहीं करेंगे: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का इरादा देश पर एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपने का है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वह यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर द्रमुक की छात्र इकाई द्वारा आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। राहुल गांधी ने दावा किया, ''आरएसएस का उद्देश्य अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं को मिटाना है। यही तो वे हासिल करना चाहते हैं। उनका इरादा देश पर एक ही विचार, इतिहास और भाषा थोपने का है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणालियों के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहा है तथा यह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और कदम है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''प्रत्येक राज्य की अपनी अनूठी परंपरा, इतिहास और भाषा होती है, यही कारण है कि संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा जाता है। हमें इन मतभेदों का सम्मान करना चाहिए और समझना चाहिए।'' उनके मुताबिक, तमिल लोगों का हजारों वर्षों से चला आ रहा समृद्ध इतिहास, संस्कृति और परंपरा है। राहुल गांधी ने कहा, ''यह तमिल लोगों और अन्य राज्यों का अपमान है जहां आरएसएस अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही है। यह आरएसएस द्वारा उन सभी चीजों को कमजोर करने का एक प्रयास है।'' उनका कहना था, ''कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन में बहुत स्पष्ट है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, अलग-अलग नहीं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''हमने अपने घोषणापत्र में पहले ही कहा था कि शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा। मैं मंच पर मौजूद अपने सभी दोस्तों से कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। हम इस देश के प्रति आरएसएस के दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं करते हैं, न ही उनके इस विचार को स्वीकार करते हैं कि इस देश पर एक दिवालिया विचारधारा थोपी जानी चाहिए।''

## जनवरी में घर का बना खाना हुआ महंगा, मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी



**मुंबई :** आलू, दाल और चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण जनवरी में घर का बना खाना एक साल पहले की तुलना में महंगा हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की बृहस्पतिवार को जारी मासिक रोटी, चावल दर रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली की तुलना में पिछले महीने मांसाहारी थाली की कीमतों में अधिक उछाल आया है। चिकन की कीमतें बढ़ने से ऐसा हुआ है। रिपोर्ट कहती है कि आलू की कीमत में 35 प्रतिशत, दालों में सात प्रतिशत और वनस्पति तेलों में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण शाकाहारी भोजन की कीमत बढ़कर 28.7 रुपये प्रति थाली हो गई। एक साल पहले की अवधि में इसकी कीमत 28 रुपये प्रति थाली थी। हालांकि सालाना आधार पर ईंधन की लागत में 11 प्रतिशत की कमी आने से इस महंगाई को कुछ हद तक सीमित रखने में कामयाबी मिली। क्रिसिल ने कहा कि शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर भले ही बढ़ी है लेकिन एक महीना पहले की तुलना में इसके दाम घटे हैं। दिसंबर, 2024 में शाकाहारी थाली का दाम 31.6 रुपये प्रति थाली था। लेकिन जनवरी में मासिक आधार पर टमाटर की कीमतों में 34 प्रतिशत, आलू में 16 प्रतिशत और प्याज की कीमतों में 21 प्रतिशत की गिरावट के कारण शाकाहारी थाली की लागत घट गई। जहां तक मांसाहारी थाली का सवाल है तो जनवरी, 2025 में इसकी लागत एक साल पहले के 52 रुपये से बढ़कर 60.6 रुपये हो गई। यह बढ़ोतरी ब्रॉयलर मुर्गे के दाम 33 प्रतिशत बढ़ने के मुकाबले कम ही है। दरअसल मांसाहारी थाली में 50 प्रतिशत योगदान ब्रॉयलर मुर्गे का होता है। एजेंसी ने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली की कीमत दिसंबर के 63.3 रुपये के मुकाबले घट गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत, स्पेन ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की, करीबी सहयोग के लिए सहमत हुए

**नयी दिल्ली :** भारत और स्पेन ने जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की और विशेष रूप से प्रौद्योगिकी एवं आयुध उत्पादन के क्षेत्रों में ''करीबी सहयोग'' पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमति जताई। एक अधिकारिक बयान के अनुसार, भारत के रक्षा मंत्रालय और स्पेन के बीच पांचवीं संयुक्त कार्य समूह की बैठक नयी दिल्ली में हुई। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''दोनों पक्षों ने जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और समुद्री क्षेत्र सहित कई संयुक्त गतिविधियों की योजना पर चर्चा की। वे रक्षा, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी और आयुध उत्पादन के क्षेत्रों में करीबी सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सहमत हुए।'' बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त सचिव, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, अमिताभ प्रसाद और रक्षा नीति महासचिव के रक्षा कूटनीति पर विशेष सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल पॉलिनो गार्सिया डिएगो ने की। बयान में कहा गया है कि एयरबस स्पेन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ सी295 परियोजना, रक्षा विमान क्षेत्र में पहली 'मेक-इन-इंडिया' परियोजना है। इसने और भी भारतीय और स्पेनिश कंपनियों को एक-दूसरे के साथ सहयोग करने तथा एयरोस्पेस क्षेत्र में एक साथ काम करने के विकल्प तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## आचार्य विद्यासागर का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा : शाह



**डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के संतों ने देश की संस्कृति, एकता को बनाए रखने और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने कहा कि आजादी के बाद जब देश और सरकार पश्चिमी विचारों से प्रभावित होने लगी, तब जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज ही एकमात्र ऐसे संत थे, जिन्होंने भारत, भारतीयता, भारतीय संस्कृति, हमारे धर्म और हमारी भाषाओं को संरक्षण देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पूरे देश को एक करने का काम जैन आचार्यों और मुनियों ने किया है। शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर में आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के 'प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव' को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने भारत की संत परंपरा बहुत समृद्ध होने का दावा करते हुए कहा कि देश को जब जिस भूमिका की ज़रूरत पड़ी, संत परंपरा ने उस भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा, ''संतों ने ज्ञान का सृजन किया, देश को एकता के सूत्र में बांधा और जब गुलामी का कालखंड था, तब संतों ने भक्ति के माध्यम से राष्ट्र चेतना की लौ जलाए रखी। आज़ादी के बाद जब देश पाश्चात्य विचारों से प्रभावित होकर चलने लगा, तब विद्यासागर जी महाराज एकमात्र आचार्य थे जिन्होंने भारत, भारतीयता और भारतीय संस्कृति से खुद को जोड़े रखा।'' शाह ने कहा, ''जैन मुनियों ने पूरे देश को एक करने में अपना महत्त्व-पूर्ण योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर से लेकर कर्नाटक के श्रवणबेलगोला तक, बिहार के राज-गीर से लेकर गुजरात के गिरनार तक हर जगह पैदल घूम कर अपने कर्मों से अपने त्याग का संदेश दिया। आचार्य जी ने हमें सिखाया कि हमारी पहचान हमारी संस्कृति में निहित है।'' उन्होंने कहा, ''आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरुष थे, जिन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया। कर्नाटक में जन्मे आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएं और भारत की पहचान के ज्योतिर्धर बने। शायद ही यह सम्मान किसी ऐसे धार्मिक संत को मिला होगा, जिन्होंने धर्म के साथ-साथ देश की पहचान की व्याख्या विश्व भर में की हो।'' शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज मानते थे कि देश की भाषाई विविधता सच्ची शक्ति है तथा जिस देश में अनेक भाषाएं, लिपियां और बोलियां हों और अलग-अलग प्रकार के व्याकरण और गाथाएं हों, वह देश सांस्कृतिक रूप से उतना ही समृद्ध माना जाता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें कई बार आचार्य श्री विद्यासागर जी का सानिध्य मिला और हर बार आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया। शाह ने कहा,''जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर, मोदी जी ने विद्यासागर जी के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आचार्य जी के विचार को जरा भी राजनीति किए बगैर जमीन पर उतारा और उनके संदेश का अनुकरण करने का काम किया।'' शाह ने कहा कि यह बोलने वाले बहुत लोग मिलते हैं कि धर्म, राष्ट्र और समाज के लिए जीवन का हर क्षण समर्पित होना चाहिए, लेकिन पूरा जीवन इसी तरह जीने वाले लोग कभी-कभार ही दिखते हैं और आचार्य जी का जीवन ऐसा ही रहा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने 'अहिंसा परमो धर्म:' के सिद्धांत की समय अनुकूल व्याख्या कर पूरे विश्व में इसे स्थापित करने का काम किया तथा जैन धर्म के सिद्धांत के अनुरूप इस बात का ख्याल रखा कि उनके शिष्य भी उन्हीं सिद्धांतों पर जीवन व्यतीत करें।

## भाजपा ने टीटीडी बोर्ड से 1,000 संदिग्ध गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने की मांग की

**तिरुपति :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आंध्र प्रदेश इकाई ने बृहस्पतिवार को तिरुमाला को 'हिंदुओं का आध्यात्मिक केंद्र' करार देते हुए तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) के लगभग उन 1,000 कर्मचारियों को मंदिर बोर्ड की सेवाओं से हटाने की मांग की, जिनके गैर-हिंदू धर्म के अनुसरण का संदेह है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता और टीटीडी के सदस्य भानु प्रकाश रेड्डी ने कहा कि बोर्ड के प्रतिनिधि जल्द ही मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलेंगे और अनुरोध करेंगे कि गैर-हिंदुओं की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, टीटीडी में 6,500 से ज्यादा स्थायी कर्मचारी और 17,000 से ज्यादा अनुबंधित कर्मचारी हैं, जिससे कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 24,000 हो जाती है। मुझे जानकारी मिली है कि एक हजार से ज्यादा कर्मचारी गैर-हिंदू धर्म का अनुसरण करते हैं और यही वजह है कि हम इस मामले पर कड़ा रुख अपना रहे हैं। 14 फरवरी को हम मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलेंगे और अनुरोध करेंगे कि गैर-हिंदू कर्मचारियों को टीटीडी का हिस्सा न बनाया जाए। रेड्डी ने 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ टीटीडी की अनुशासनात्मक कार्रवाई पर कहा कि माना जाता है कि उनमें से दो 'वास्तव में' हिंदू हैं इसलिए अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उनके प्रमाण-पत्रों की फिर से जांच करें। रेड्डी ने दावा किया कि गैर-हिंदू कर्मचारियों को टीटीडी से वेतन मिलता है लेकिन वे श्री वेंकटेश्वर स्वामी का प्रसाद (पवित्र प्रसाद) स्वीकार नहीं करते।

## सैफ के घर के दो कर्मचारियों ने गिरफ्तार बांग्लादेशी युवक की पहचान हमलावर के रूप में की

**मुंबई :** सैफ अली खान के फ्लैट में काम करने वाले दो कर्मचारियों ने गिरफ्तार बांग्लादेशी युवक शरीफुल फकीर की पहचान उस हमलावर के रूप में की है, जिसने पिछले महीने लूट के इरादे से अभिनेता के घर में घुसने के बाद उन पर चाकू से कई बार वार किए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) उर्फ विजय दास को पिछले महीने सैफ पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। अधिकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने सैफ पर हमले से जुड़े मामले के सिलसिले में यहां आर्थर रोड जेल में बुधवार को पहचान परेड (आईपी) कराई। उन्होंने बताया कि अभिनेता के फ्लैट में काम करने वाली एलियाम्मा फिलिप (56) और घरेलू सहायक जुनू ने शरीफुल की पहचान उस व्यक्ति के रूप में की, जिसने सैफ पर हमला किया था। अधिकारी के अनुसार, पहचान परेड एक तहसीलदार और पांच पंचों की मौजूदगी में आयोजित कराई गई। उन्होंने बताया कि फिलिप इस मामले में प्राथमिक गवाह है, क्योंकि वारदात वाली रात आरोपी ने उस पर भी कथित तौर पर हमला किया था। मुंबई पुलिस ने पिछले महीने कहा था कि चेहरे के मिलान के लिए की गई जांच से पुष्टि हुई है कि सैफ पर हमले के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी युवक का चेहरा बांद्रा इलाके की सतगुरु शरण अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज में देखे गए व्यक्ति से मेल खाता है।

## न्यूज अपडेट

### भाजपा विधायक ने वधावन बंदरगाह का नाम सावरकर के नाम पर रखने की मांग की

**पालघर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक निरंजन दावखरे ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित वधावन बंदरगाह का नाम स्वतंत्रता सेनानी और हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के नाम पर रखने की मांग की। इस बंदरगाह का निर्माण कार्य अभी जारी है। विधान परिषद के सदस्य ने यहां एक विज्ञप्ति में दावा किया कि जिला योजना समिति की बैठक में उनके प्रस्ताव को 'सकारात्मक प्रतिक्रिया' मिली। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र के वन मंत्री और पालघर के संरक्षक मंत्री गणेश नाइक ने की। दावखरे ने स्थानीय मुद्दों को भी उठाया, जिसमें आग में झुलसने वाले लोगों के विशेष उपचार के लिए निर्मित 'मैनर बर्न सेंटर' भी शामिल है, जो चिकित्सा अधिकारियों की कमी के कारण बंद पड़ा है।

### भाजपा ने आप के सात उम्मीदवारों को पाला बदलने के लिए 15 करोड़ रुपये की पेशकश की : संजय सिंह

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी(आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आठ फरवरी को घोषित होने से पहले, आप के सात उम्मीदवारों को पाला बदलने के लिए पैसों की पेशकश कर रही है। इसबीच, आप के आरोपों पर भाजपा ने माफी मांगने की सिंह से मांग की और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आप के सात विधायकों को कॉल किया (जिन्होंने यह चुनाव भी लड़ा है) तथा उनमें से प्रत्येक को भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये की पेशकश की। उन्होंने कहा, कुछ को तो उनसे मुलाकात कर यह पेशकश की गई।

### दीपिका पादुकोण, मैरी कॉम, सद्गुरु प्रधानमंत्री मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होंगे

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का आठवां संस्करण एक अलग प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जैसी प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। अधिकारियों के अनुसार, पारंपरिक टाउन हॉल प्रारूप से हटकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस वर्ष 35 विद्यार्थियों को सुंदर नर्सरी ले गए और उनसे परीक्षा तथा तनाव दूर करने के तौर-तरीकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि 10 फरवरी को प्रसारित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में कुल आठ कड़ियां होंगी, जिनमें विशेषज्ञ छात्रों से बात करेंगे और उन्हें एग्जाम वरियर (परिक्षा को लेकर तनाव में घिरे रहने वाले) से एग्जाम वॉरियर (तनावमुक्त होकर परीक्षा देने वाले) बनने के उपाय सुझाएंगे। प्रधानमंत्री के साथ पहली बातचीत दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल तथा शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर सुबह 11 बजे प्रसारित की जाएगी।

### यूजीसी ने भर्ती, पदोन्नति संबंधी 2025 मसौदा नियमों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की समय सीमा बढ़ाई

नयी दिल्ली : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को भर्ती एवं पदोन्नति संबंधी मसौदा नियमों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले हितधारकों को पांच फरवरी तक अपनी प्रतिक्रिया भेजनी थी। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा, ''यूजीसी विनियमन, 2025 के मसौदे पर प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर, यूजीसी ने अब समय सीमा 28 फरवरी तक बढ़ाने का फैसला किया है।'' यूजीसी ने पिछले महीने मसौदा (विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता तथा उच्च शिक्षा में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के उपाय) विनियमन, 2025 जारी किया था। आयोग ने कहा कि ये 2018 के दिशानिर्देशों की जगह लेगा।

### अमेरिका से निर्वासित हुए 33 गुजरातियों को सरकारी वाहनों से उनके घर पहुंचाया गया

**अहमदाबाद :** अमेरिका से वापस भेजे गए 104 'अवैध' भारतीय प्रवासियों में शामिल गुजरात के 33 लोगों को बृहस्पतिवार को पुलिस की निगरानी में सरकारी वाहनों से सुरक्षित उनके पैतृक स्थानों पर पहुंचा दिया गया। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने इन 33 लोगों के निर्वासन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अन्य एजेंसियों के साथ उचित समन्वय करने और इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के बारे में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए 4,777 'ब्लैक स्पॉट' पर स्थायी सुधार किया गया : गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 13,795 'ब्लैक स्पॉट' (दुर्घटना संभावित स्थल) की पहचान की गई है, जिनमें से 9,525 'ब्लैक स्पॉट' पर अल्पकालिक सुधार के उपाय पूरे कर लिए गए हैं और 4,777 ब्लैक स्पॉट पर स्थायी सुधार किया गया है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुछ स्थानों को मृत्यु और गंभीर चोटों से जुड़ी दुर्घटनाओं की एक निश्चित संख्या के आधार पर 'ब्लैक स्पॉट' के रूप में पहचाना जाता है। मंत्री ने कहा, ''सरकार ने ऐसे 'ब्लैक स्पॉट' पर तत्काल अल्पकालिक उपायों के लिए कदम उठाए हैं जैसे सड़क चिह्न, साइनेज, क्रैश बैरियर, रोड स्टड, डेलीनेटर, अनाधिकृत मध्य उद्घाटन को बंद करना, यातायात शांत करने के उपाय आदि। सड़क ज्यामिति में सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास / ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक उपाय भी किए गए हैं।'' उन्होंने बताया कि अप्रैल 2014 से दिसंबर 2024 तक लगभग 1,01,900 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का निर्माण/विकास किया गया है।

## राजनाथ ने अमेरिका के रक्षा मंत्री के साथ फोन पर की बातचीत, रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने पर सहमत हुए





**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ विशेष रूप से खुफिया सूचना साझा करने, साजो सामान और औद्योगिक सहयोग के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी प्रगाढ़ करने के लिए 10 वर्षीय एक व्यापक 'फ्रेमवर्क' पर काम करने को सहमत हुए। सिंह ने कहा कि हेगसेथ ने फोन पर हुई बातचीत में, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। यह बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हफ्ते भर से कम समय में प्रस्तावित वाशिंगटन यात्रा से पहले हुई है। हेगसेथ के रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद सिंह की उनके साथ फोन पर यह पहली बातचीत थी। बातचीत के बारे में भारत द्वारा जारी बयान में कहा गया कि दोनों देश रक्षा सहयोग पर एक व्यापक रूपरेखा का मसौदा तैयार करने के लिए साथ मिलकर काम करने को सहमत हुए हैं, जिसका उद्देश्य 2025-2035 की अवधि के लिए द्विपक्षीय सहयोग को आकार देना है। बयान में कहा गया है कि सिंह और हेगसेथ ने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की व्यापक गतिविधियों की समीक्षा की, जिसमें ''भूमि, वायु, समुद्री और अंतरिक्ष के विभिन्न क्षेत्र'' शामिल हैं। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने और हेगसेथ ने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की समीक्षा की तथा द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। सिंह ने फोन पर हुई बातचीत को ''शानदार'' बताया। उन्होंने कहा, ''हमने जारी रक्षा सहयोग की समीक्षा की और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को विस्तारित और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की।'' उन्होंने कहा, ''हम एक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने पर भी सहमत हुए, जिसमें अभियानगत, खुफिया, साजो सामान और रक्षा-औद्योगिक सहयोग शामिल हैं।'' सिंह ने कहा, ''(अमेरिकी) मंत्री हेगसेथ के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।''

## कर्ज का बोझ और टूटे हुए सपने : अमेरिका से निर्वासित पंजाब के लोगों के परिजनों का छलका दर्द



**चंडीगढ़ :** अवैध आव्रजन के कारण अमेरिका से निर्वासित 104 भारतीयों में शामिल पंजाब के लोगों के परिजनों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने सुनहरे भविष्य की उम्मीद में अपने परिजन को अमेरिका भेजने के लिए भारी-भरकम राशि उधार ली, लेकिन अब इन लोगों को स्वदेश भेजे जाने के कारण उन्हें लगता है कि वह कर्ज के बोझ से कभी मुक्त नहीं हो पाएंगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि ट्रैवल एजेंट ने उनके परिजन को अमेरिका भेजने के लिए अनुचित तरीके अपनाए, जिससे वे अनजान थे। उन्होंने इन एजेंट के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के 104 अवैध प्रवासियों को लेकर अमेरिका का एक सैन्य विमान बुधवार दोपहर अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा। यह अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से निर्वासित भारतीयों का पहला जत्था है। इसमें 33-33 लोग हरियाणा एवं गुजरात के, 30 पंजाब के, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के तथा दो चंडीगढ़ के हैं। पंजाब के जिन 30 लोगों को निर्वासित किया गया है, उनमें छह कपूरथला के, पांच अमृतसर के, चार-चार पटियाला और जालंधर के, दो-दो होशियारपुर, लुधियाना, एसबीएस नगर के और एक-एक गुरदासपुर, तरनतारन, संगरूर, एसएएस नगर और फतेहगढ़ साहिब के हैं। होशियारपुर जिले के ताहली गांव का रहने वाला हरविंदर सिंह (41) पंजाब से निर्वासित लोगों में शामिल है। वह लगभग आठ महीने पहले अमेरिका चला गया था। उसकी पत्नी कुलजिंदर कौर ने दावा किया कि एक ट्रैवल एजेंट ने हरविंदर को कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का वादा करके 42 लाख रुपये लिए। कुलजिंदर ने कहा कि हालांकि, एजेंट ने हरविंदर को अमेरिका में प्रवेश के लिए प्रवासियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अवैध और खतरनाक मार्ग से वहां भेजा। उसने बताया कि हरविंदर ने आखिरी बार 15 फरवरी को परिवार से संपर्क किया और बताया कि वह अमेरिकी सीमा में दाखिल हो चुका है। कुलजिंदर के अनुसार, उसके बाद कोई बातचीत नहीं हुई। हमें आज हरविंदर के निर्वासन के बारे में पता चला। उसने कहा, बेहतर भविष्य की उम्मीद में, हमारे पास जो कुछ भी था, उसे हमने बेच दिया और एजेंट को भुगतान के लिए उच्च ब्याज दर पर पैसे उधार लिए। लेकिन उसने (एजेंट) हमें धोखा दिया। अब न केवल मेरे पति को निर्वासित कर दिया गया है, बल्कि हम भारी कर्ज के बोझ तले भी दब गए हैं। कुलजिंदर ने सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए ट्रैवल एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। होशियारपुर के दारापुर गांव में कर्ज के बोझ तले दबे सुखपाल (35) के परिवार को अपना भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। पेशे से शेफ सुखपाल अक्टूबर 2024 में एक साल के 'वर्क परमिट' पर इटली गया था। उसके परिवार ने कहा कि वह इस बात से पूरी तरह से अनजान है कि सुखपाल कैसे अमेरिका पहुंचा। सुखपाल के पिता प्रेम सैनी सरकारी स्कूल के अध्यापक रह चुके हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सुखपाल के वीजा के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों की व्यवस्था इटली में उनके रिश्तेदारों ने की थी। सैनी ने कहा, जहां तक हमें पता था, वह इटली में कानूनी रूप से शेफ के रूप में काम कर रहा था और उसके पास सभी वैध दस्तावेज थे।

## मेंदीपथार रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी का पहला रेक अनलोड



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे लॉजिस्टिक्स के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रंगिया मंडल के अधीन मेघालय स्थित मेंदीपथार रेलवे स्टेशन में 4 फरवरी, 2025 को मालगाड़ी का पहला रेक अनलोड किया गया। भारतीय खाद्य निगम के लिए खाद्यान्न के 21 वैगनों वाला यह रेक सुबह 09:20 बजे मेंदीपाथर स्टेशन पर पहुंचा और इसे 09:40 बजे अनलोडिंग के लिए रखा गया। इस प्रकार मेघालय में पहली बार मालगाड़ी अनलोड हुआ। 29 अगस्त, 2014 से सेवा दे रही मेंदीपाथर रेलवे स्टेशन मेघालय का पहला रेलवे स्टेशन है। यह चार लाइनों और मालगाड़ियों की हैंडलिंग के लिए एक विशाल माल परिवहन क्षेत्र से सुसज्जित है। यह माइलस्टोन स्टेशन के लिए स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह स्टेशन पर ट्रकों, मजदूरों और माल हैंडलिंग की विशेषज्ञता सहित सहायक सेवाओं की तैयारी और उपलब्धता को भी दर्शाता है। माल की सुचारू और कुशल आवाजाही की प्रक्रिया पू. सी. रेलवे के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पू. सी. रेलवे की पूरी टीम बेहतर तकनीक, तेज आवाजाही और पूरे क्षेत्र में माल के अधिक कुशल प्रवाह के माध्यम से इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने को प्रतिबद्ध है। मेंदीपाथर रेलवे स्टेशन मेघालय में माल ढुलाई के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने की उम्मीद है, जो राज्य के विकास में योगदान देते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क को मजबूती प्रदान करेगा।

# भारत ने ऑलराउंड प्रदर्शन से इंग्लैंड को चार विकेट से हराया



नागपुर : पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा की उम्दा गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल और अक्षर पटेल की शतकीय साझेदारी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने 96 गेंद में 14 चौकों से 87 रन की पारी खेलने के अलावा अक्षर (52 रन, 47 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के साथ चौथे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सिर्फ 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर जीत दर्ज की। गिल ने श्रेयस अय्यर (59 रन, 36 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के साथ भी उस समय तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की जब टीम 19 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। इंग्लैंड इससे पहले जडेजा (26 रन पर तीन विकेट) और राणा (53 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 47.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गया। कप्तान जोस बटलर (52) और जेकब बेथेल (51) ने अर्धशतक जड़े जबकि सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (43) ने भी उपयोगी पारी खेली लेकिन इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और मेहमान टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही।

## बस चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सभी चीजें सही तरह करना चाहते हैं : रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम कुछ खास हासिल करने की कोशिश नहीं करना चाहती लेकिन जितना हो सके सभी चीजें सही करना चाहेंगे जैसा कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में किया। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'कुछ खास नहीं। कुल मिलाकर एक टीम के तौर पर, मैं बस यही चाहता हूं कि हम यह सुनिश्चित करते रहें कि हम यथासंभव सही चीजें करते रहें। ऐसा कुछ खास नहीं है जिसे हम हासिल करने की कोशिश करना चाहते हैं।' रोहित ने कहा। 'हम गेंदबाजी, बल्लेबाजी और इस तरह की चीजों के मामले में हर संभव कोशिश करना चाहते हैं। इसलिए, हम आज ऐसा करने में काफी हद तक सफल रहे। हालांकि मुझे लगा कि हमें अंत में वे विकेट नहीं गंवाने चाहिए थे।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा करते समय ऐसी चीजें हो सकती हैं।'

## लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार: पीसीबी

लाहौर : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया।' हाल ही में यह बताया गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है।

## भारतीय नौसेना के नीरज ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल और ऐश्वर्य को पछाड़कर स्वर्ण जीता



देहरादून : भारतीय नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने बृहस्पतिवार को यहां पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले को पछाड़कर राष्ट्रीय खेलों की पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स का स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के 25 साल के नीरज ने 464.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। मध्यप्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि महाराष्ट्र के स्वप्निल 447.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। स्वप्निल पेरिस में इतिहास रचते हुए कांस्य पदक के साथ इस स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस बीच 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हरियाणा की सुरुचि सिंह और प्रमोद ने राजस्थान की अंजलि शेखावत और उमेश चौधरी को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राही सरनोबत और प्रणव अरविंद पाटिल की महाराष्ट्र की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया जिन्होंने अभिनव देशवाल और यशस्वी जोशी की उत्तराखंड की जोड़ी को 17-3 से हराया। इन दो स्पर्धाओं के साथ मौजूदा खेलों में निशानेबाजी स्पर्धओं का समापन हो गया। मिश्रित स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में 19 जोड़ियों ने पदक दौर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा पेश की।

**राष्ट्रपति भवन में तेंदुलकर ने कहा**

## आपको अपने साथियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना आना चाहिए



,नयी दिल्ली : महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर मानते हैं कि साझेदारी हमेशा विश्वास से बढ़ती है और उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में बताया कि वह जानते थे कि किसी खिलाड़ी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए उसे किस तरह से नियंत्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि वह जानते थे कि वीरेंद्र सहवाग को आक्रामक तेवर दिखाने और रक्षात्मक होकर खेलने के लिए कैसे नियंत्रित किया जा सके और युवराज सिंह को कैसे प्रेरित किया जाए। टेस्ट और वनडे में क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी तेंदुलकर बृहस्पतिवार को यहां 'राष्ट्रपति भवन विमर्श श्रृंखला' सम्मेलन में मौजूद थे जहां प्रतिष्ठित हस्तियां लोगों के साथ अपने जीवन की यात्रा को साझा करती हैं। तेंदुलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अतिथि थे जहां इस खिलाड़ी ने उन्हें अपने हस्ताक्षर वाली भारतीय टेस्ट जर्सी भेंट की। इस स्टार के साथ उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा भी थीं। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे खेल सभी के साथ समान व्यवहार करता है।

## विराट कोहली के घुटने में दर्द बना मुसीबत, चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर चिंताएं बढ़ीं



नागपुर : दाएं घुटने में दर्द के कारण विराट कोहली बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे से बाहर हो गए लेकिन समस्या की गंभीरता अभी फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मौजूदा श्रृंखला के साथ ही भारत चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंच गया है और टीम पहले से ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर संदेह से जूझ रही है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को पाकिस्तान में शुरू होगी जबकि भारत 20 फरवरी से दुबई में अपने सभी मैच खेलेगा। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि कोहली की घुटने की चोट बहुत गंभीर नहीं है और वह इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले के बाकी दो मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं। दूसरा मैच नौ फरवरी को कटक में होगा और इसके बाद 12 फरवरी को अहमदाबाद में श्रृंखला का अंतिम मैच होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के समय यह कहकर सभी को हैरान कर दिया, 'दुर्भाग्य से कोहली नहीं खेल रहे हैं, उन्हें कल रात से दाएं घुटने में परेशानी हो रही है।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हमेशा की तरह कम जानकारी देने का रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए एक पंक्ति का बयान दिया जिसमें रोहित द्वारा कहे शब्दों से ज्यादा कुछ नहीं था। बोर्ड के अपडेट में कहा गया है, 'विराट कोहली दाएं घुटने में दर्द के कारण पहले वनडे में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।'

**न्यूज अपडेट**

### ईस्ट बंगाल ने होप्स एफसी को 1-0 से हराया

नयी दिल्ली : ईस्ट बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन वुमेन्स लीग में मेजबान होप्स एफसी को 1-0 से हराकर पूरे अंक हासिल किए। ईस्ट बंगाल के लिए विजयी गोल सौम्या गुगुलोथ ने 40वें मिनट में दागा। इस जीत से ईस्ट बंगाल की टीम छह मैच में 15 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। अब तक टीम ने पांच मैच जीते हैं। होप्स की टीम महज एक अंक लेकर तालिका में निचले पायदान पर बनी हुई है जो उसे किकस्टार्ट एफसी के खिलाफ ड्रॉ मैच से मिला था।

### सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा अरुणाचल

इटानगर : अरुणाचल प्रदेश को सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है जिससे राज्य आठ से 17 मई तक यूपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) क्षेत्र में उभरती हुई फुटबाल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए इस वार्षिक युवा प्रतियोगिता का आयोजन करता है। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका सैफ का हिस्सा हैं। इस साल होने वाली प्रतियोगिता में छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### वरुण चक्रवर्ती और त्रिशा आईसीसी मासिक पुरस्कारों की दौड़ में

दुबई : रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को हाल में इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। चक्रवर्ती ने पांच मैच में 9.85 की शानदार औसत और 7.66 की इकोनॉमी रेट से 14 विकेट चटकाए। चक्रवर्ती ने टी20 विश्व चैंपियन भारत को घरेलू श्रृंखला 4-1 से जिताने में अहम योगदान दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज पूरी श्रृंखला के दौरान उनकी स्पिन को समझने के लिए संघर्ष कर रहे थे। वेस्टइंडीज के स्पिनर जोमेल वारिकन को भी पुरुष वर्ग में नामित किया गया है। उन्होंने अपनी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने में मदद की थी। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन को पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वह 19 विकेट लेकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। पाकिस्तान के नोमान अली भी इस पुरस्कार की दौड़ में हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लिए थे। हाल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा को महिला वर्ग में पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। त्रिशा 309 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टोइनिस ने वनडे को कहा अलविदा

मेलबर्न : चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने गए ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने गुरुवार को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगा। स्टोइनिस के अचानक लिए गए इस फैसले से ऑस्ट्रेलिया की परेशानी बढ़ गई है। उसकी टीम पहले ही खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही है। ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। माना जा रहा है कि एसए20 टूर्नामेंट के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण स्टोइनिस ने अचानक यह फैसला किया।



### सोना 270 रुपये चढ़कर 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

नयी दिल्ली : सोने में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को जारी रहा और राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 270 रुपये चढ़कर 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 270 रुपये की तेजी के साथ 85,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह धातु 85,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण बुधवार को सर्राफा बाजार बंद थे।

### ईपीएफओ ने 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के पांच करोड़ दावों का निपटान किया

नयी दिल्ली : श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 में पांच करोड़ से अधिक दावों का निपटान करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2,05,932.49 करोड़ रुपये की राशि के 5.08 करोड़ से अधिक दावों का निपटान किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में निपटाए गए 1,82,838.28 करोड़ रुपये के 4.45 करोड़ दावों से काफी अधिक है। मांडविया ने कहा कि दावा निपटान प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और सदस्यों के बीच शिकायतों को कम करने के लिए ईपीएफओ के सुधारों के कारण यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने कहा कि इसके तहत खुद निपटाए जाने वाले दावों की अधिकतम सीमा बढ़ाने, सदस्यों के प्रोफाइल में बदलाव को सरल बनाने, सुव्यवस्थित पीएफ हस्तांतरण और बेहतर केवाईसी अनुपालन जैसे उपायों को लागू किया गया।

## निवेशकों के सतर्क रुख से लगातार दूसरे दिन गिरा बाजार, सेंसेक्स 213 अंक फिसला



मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक कमजोर हो गया जबकि निफ्टी में 93 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि दिग्गज कंपनियों भारती एयरटेल, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नकारात्मक दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 213.12 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,058.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.29 अंक गिरकर 77,843.99 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 92.95 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल अपने तिमाही नतीजे आने के पहले 2.47 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। हालांकि कारोबार अवधि खत्म होने के बाद जारी तिमाही नतीजों में उसके लाभ में पांच गुनी बढ़ोतरी हुई है। टाइटन, एनटीपीसी, एसबीआई, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर बढ़त हासिल करने में सफल रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,682.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## उद्योग को जोखिम उठाना चाहिए, रोजगार देने चाहिए: वित्त सचिव

नयी दिल्ली : वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कंपनियों से जोखिम उठाने, नई फैक्टरी लगाने और रोजगार सृजन करने को कहा। उन्होंने कहा कि आम बजट में किए गए उपायों से वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी और भारत न केवल दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा, बल्कि इसकी गति भी तेज होगी। पांडेय ने यहां पीएचडी चैंबर में एक कार्यक्रम में कहा, 'आपको जोखिम उठाना चाहिए। आप जोखिम उठा रहे हैं, इसलिए आप उद्यमी हैं, और आप जोखिम से बच नहीं सकते। आपको फैक्ट्रियां लगानी होंगी। आपको रोजगार सृजन करना होगा। इसलिए हमें आपकी 'एनिमल स्प्रिट' को बढ़ाने की जरूरत है।' प्रसिद्ध ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने 'एनिमल स्पिरिट' शब्द गढ़ा था। आर्थिक तनाव या अनिश्चितता के समय में अगर निवेशक और उपभोक्ता जोखिम लेने तथा अधिक खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं, तो कहा जाता है कि 'एनिमल स्पिरिट' बढ़ी हुई है। 'एनिमल स्पिरिट' कम होने पर निवेशक और उपभोक्ता अधिक सतर्क और रुढ़िवादी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब उद्यमी नए निवेश करते हैं, जोखिम उठाते हैं और संस्थान बनाते हैं, तो इससे रोजगार सृजन होता है और वृद्धि का चक्र आगे बढ़ता है। पांडेय ने कहा, 'जब आप रोजगार सृजन करते हैं, तो इससे आय सृजन होता है और उस आय से खपत और बचत होती है। इससे आगे निवेश बढ़ता है और लाभकारी चक्र बढ़ता है। हम छह प्रतिशत से आठ प्रतिशत की वृद्धि तक पहुंच सकते हैं, लेकिन हमें इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।'

## एक दशक में मोबाइल फोन पर बात करना 94 प्रतिशत हुआ सस्ता: सिंधिया



नयी दिल्ली : केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि 2014 से मोबाइल फोन कॉल दरों में 94 प्रतिशत की कमी आई है। सिंधिया ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि देश में पहले 90 करोड़ मोबाइल फोन उपभोक्ता थे जो अब बढ़कर 116 करोड़ हो गए हैं। उन्होंने कहा, '...इंटरनेट पहुंच की बात करें तो 2014 में 25 करोड़ उपभोक्ता थे और आज यह संख्या 97 करोड़ है।' मंत्री ने कहा कि जब उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती है तो आवश्यक है कि शुल्क दरों की निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 में एक मिनट की कॉल की दर 50 पैसे थी जो आज तीन पैसे है। इस प्रकार दर में 94 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिंधिया ने कहा कि कि 2014 में डेटा यानी इंटरनेट 270 रुपये प्रति जीबी थी जो अब घटकर 9.70 रुपये प्रति जीबी हो गई है जो 'टैरिफ' में 93 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में इंटरनेट और कॉल दरों के मामले में सबसे किफायती देश है। उन्होंने कहा कि 'टैरिफ' में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, ऐसा देश में 5जी सेवा के लिए किए गए निवेश के कारण हुआ है। उन्होंने सदन को बताया कि काफी तेज गति से 5जी सेवा शुरू की गयी है और करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

## एसबीआई का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 84 प्रतिशत बढ़कर 16,891 करोड़ रुपये पर

मुंबई : भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत बढ़कर 16,891 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई का एकल शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान अवधि में 9,164 करोड़ रुपये था। इस दौरान पेंशन देनदारियों के लिए 7,100 करोड़ रुपये के एकमुश्त प्रावधान किया गया था। इसके कारण कम आधार के चलते दिसंबर 2024 तिमाही में बैंक का मुनाफा अधिक बढ़ा। बैंक ने पिछली सितंबर तिमाही में 18,331 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। ऋणों में 14 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद मुख्य शुद्ध ब्याज आय सालाना चार प्रतिशत बढ़कर 41,446 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) के 0.19 प्रतिशत घटकर 3.15 प्रतिशत रहने से यह प्रभावित हुई। बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने शुद्ध ब्याज मार्जिन प्रभाव के लिए ग्राहकों की प्राथमिकताओं में आए बदलाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें धनराशि कम लागत वाले चालू और बचत खातों के बजाय उच्च प्रतिफल वाले सावधि जमा में जमा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जमा की लागत स्थिर हो गई है या चरम पर पहुंच गई है, और एनआईएम तीन प्रतिशत से नीचे नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएएसए की हिस्सेदारी बढ़ाना मुश्किल लगता है, जो तिमाही के दौरान 39.2 प्रतिशत तक गिर गई।

### आईटी मंत्रालय ने सेमीकंडक्टर बनाने के लिए हीरे के इस्तेमाल पर शोध करने को कहा

नयी दिल्ली : भारत और नीदरलैंड सेमीकंडक्टर बनाने के लिए प्रयोगशाला में तैयार हीरे का इस्तेमाल करने पर शोध में सहयोग कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सीआईआई भारत-नीदरलैंड प्रौद्योगिकी सम्मेलन में कहा कि प्रयोगशाला में तैयार हीरे का पारंपरिक व्यवसाय नीदरलैंड, बेल्जियम और भारत के सूरत जिले को आपस में जोड़ सकता है। कृष्णन ने कहा कि जिस तरह प्रयोगशाला में बने हीरे को तराशा जा सकता है और हीरे के क्रिस्टल बनाये जा सकते हैं, वह प्रक्रिया सिलिकॉन कार्बाइड क्रिस्टल और सेमीकंडक्टर बनाने में उपयोगी अन्य क्रिस्टल बनाने समान है। कृष्णन ने कहा, 'लोगों का मानना है कि हीरा और प्रयोगशाला में तैयार हीरे सेमीकंडक्टर के लिए बहुत उपयोगी अभिकारक (सब्सट्रेट) हो सकते हैं। यह शोध का एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे वास्तव में आगे बढ़ाया जा सकता है। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिनमें हम सहयोग कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के साथ सहयोग देश के सेमीकंडक्टर लक्ष्य में बहुत अधिक मूल्यवर्धन लाता है, जहां एएसएमएल जैसी कंपनियां हैं, जो फोटोलिथोग्राफी मशीनें बनाती हैं, जिनका इस्तेमाल चिप बनाने के लिए किया जाता है।

**न्यूज अपडेट**

### ट्राई ने लैंडलाइन फोन धारकों के लिए नई नबंरिंग प्रणाली लाने की सिफारिश की

नयी दिल्ली : दूरसंचार नियामक ट्राई ने सरकार को यह सुझाव दिया है कि फिक्स्ड लाइन उपयोगकर्ताओं को स्थानीय कॉल करने के लिए भी पूरे 10 अंक वाले नंबर को डायल करना होगा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अप्रयुक्त फोन नंबरों को मुक्त करने के लिए एसटीडी कोड प्रणाली समाप्त करने से संबंधित एक नई नंबरिंग प्रणाली की सिफारिश की है। नई नंबर प्रणाली एक दूरसंचार सर्किल या राज्य स्तर पर होगी।

### रिजर्व बैंक आज करेगा मौद्रिक नीति पर फैसला, रेपो दर में कटौती की उम्मीद

मुंबई : आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में हो रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। विशेषज्ञों ने ऐसी संभावना जताई है कि एमपीसी लगभग पांच साल के अंतराल के बाद रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछली बार मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। मौद्रिक नीति के संबंध में निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई एमपीसी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हुई। इस बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को ब्याज दर पर फैसले की घोषणा की जाएगी। एमपीसी की यह बैठक आरबीआई के नए गर्वनर के मातहत होने वाली पहली द्विमासिक समीक्षा बैठक है।

### अमूल कोलकाता में 600 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र लगाएगा

कोलकाता, समाज्ञा : अमूल ब्रांड के तहत दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने कोलकाता में 600 करोड़ रुपये के निवेश से एक एकीकृत संयंत्र लगाने की गुरुवार को घोषणा की। अमूल के इस संयंत्र में दुनिया की सबसे बड़ी दही उत्पादन इकाई भी स्थापित की जाएगी। इस इकाई की क्षमता 10 लाख किलोग्राम प्रतिदिन की होगी। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन में इस निवेश की प्रतिबद्धता जताई। मेहता ने कहा कि कोलकाता में एकीकृत दुग्ध संयंत्र की स्थापना पर 600 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस संयंत्र की कुल प्रसंस्करण क्षमता 15 लाख लीटर दूध प्रतिदिन होगी।

### एनएमडीसी का तीसरी तिमाही में मुनाफा 29 प्रतिशत बढ़कर 1,897 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 1,896.66 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से अधिक आय होने से इसका लाभ बढ़ा है। एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,492.73 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय 21 प्रतिशत बढ़कर 6,942.92 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की इसी तिमाही में 5,746.47 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में एनएमडीसी का कुल उत्पादन नौ प्रतिशत बढ़कर 1.33 करोड़ टन हो गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 1.22 करोड़ टन था। दिसंबर तिमाही में इसकी बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 1.19 करोड़ टन हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 1.14 करोड़ थी।

वर्ष 9, पूर्णांक 4142 अंक 292, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in